रांची

www.vananchaleye@gmail com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:61 | बुधवार,05 नवम्बर



**ब्रीफ न्यूज**

### डीजीसीए जल्द ला सकता है हवाई यात्रा के नए नियम



एजेंसी

अब एयर पैसेंजर्स को टिकट बुक करने के 48 घंटे के अंदर बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के कैंसिल या चेंज करने का मौका मिल सकता है। डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इन नियमों को लाने के लिए एक ड्राफ्ट जारी किया है। डीजीसीए ने लोगों से इसके लिए 30 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं। अगर सब ठीक रहा तो जल्द ही नियम बनेगा, लेकिन ये कब से लागू होंगे, ये अभी तय नहीं हुआ है। बुकिंग के बाद 48 घंटे का 'लुकइ न' पीरियड मिलेगा। यानी सोचोस मझो, पसंद न आए तो टिकट कैंसिल कर दों। नाम में कोई एरर हो तो 24 घंटे के अंदर फ्री में सुधार करा सकते हैं। मेडिकल इमरजेंसी में भी एयरलाइन रिफंडदे सकती है।

### लातेहार में 15 डिग्री केकरीब पहुंचा तापमान

संवाददाता

लातेहार:झारखंड के लोगों को अब सर्दी सताने लगी है। राज्य के जिला लातेहार में तो न्यूनतम तापमान गिरकर 15.8 डिग्री तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में ठंड के और बढ़ने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल झारखंड में मौसम साफ रहेगा। रात और सुबह में कई जिलों में कुहासा छाया रहेगा और दिन में कभी-कभी आंशिक बादल भी रहेंगे। इससे तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32.3 डिग्री सेल्सियस
रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान राज्य में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि एक हफ्ते पूर्व चार-पांच दिनों तक हुई लगातार बारिश के कारण जमीन गीली हो गई है, जिससे वातावरण में नमी बरकरार
है। इससे सुबह और रात में कनकनी महसूस हो रही है।

### कोडरमा-गिरिडीह में 9 से 11 नवंबर तक शराब बिक्री पर रोक

संवाददाता

कोडरमा ) : बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड के गिरिडीहऔर कोडरमा जिलों में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आदेश के अनुसार, 9 नवंबर को शाम 5 बजे से 11 नवंबर को शाम 5 बजे तक इन जिलों में शराब की बिक्री और सेवन प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना की तिथि 14 नवंबर को भी पूरे कोडरमा जिले में शराब की बिक्री, भंडारण, परिवहन औरसेवन प्रतिबंधित रहेगा।

## पहले चरण की 121 सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल

# बिहार में पहले चरण का थमा शोर महिला मतदाताओं पर सबका जोर

## महिलाओं से बोले पीएम, छठी मइया का अपमान करने वालों को हराइए

एजेंसी



पटना (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत बिहार की महिला कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत तय है और उन्हें इस पर कोई संदेह नहीं है। संवाद के दौरान एक महिला कार्यकर्ता ने कहा कि बिहार में चुनाव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। इस पर पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'मैंने इस चुनाव को करीब से देखा है, और साफ कह सकता हूं कि एनडीए भारी बहुमत से सरकार बनाएगा।' प्रधानमंत्री ने बिहार की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का जिक्र करते हुए कहा, 'इस चुनाव में ऐसी विजय दीजिए
कि जिन्होंने छठी मइया का अपमान किया है और बिहार को जंगलराज में धकेला था, उनकी जमानत जब्त हो जाए।' एक अन्य महिला कार्यकर्ता ने कहा, 'इस बार बिहार रिकॉर्ड तोड़ेगा, एनडीए को 225 सीटें मिलेंगी।' इस पर पीएम मोदी हंसते हुए बोले, 'बिहार में एनडीए की रैलियां रोज नए रिकॉर्ड बना रही हैं। सभाएं बहनों और बेटियों के नारों से गूंज उठती हैं।' उन्होंने कहा कि 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान में महिला कार्यकर्ता शानदार काम कर रही हैं। 'मैंने सोचा, सीधे आपसे बात कर के समझूं कि आप किस तरह सेइस चुनाव को जीत में बदल रही हैं,' उन्होंने किसानों को खेती के लिए मुफ्त बिजली देनेका भी वादा किया।

## तेजस्वी का वादा, माई-बहिन योजना के तहत 30 हजार एकमुश्त भेजेंगे

एजेंसी



पटना : पटना में तेजस्वी यादव ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि अगर हमारी सरकार बनती है तो माई बहिन योजना के तहत एक साल की पूरी राशि 30 हजार रुपए एक साथ महिलाओं के खाते में भेजेंगे। माई बहिन योजना के तहत राजद ने महीने में ढाई हजार देने का वादा किया है। तेजस्वी ने कहा, सरकार बनने के बाद 14 जनवरी को हमारी सरकार एक साल का पैसा एक साथ देगी, ताकि महिलाओं को इसका फायदा हो सके। साथ ही जीविका दीदी कम्युनिटी मोबलाइजर को स्थायी करेंगे। उन्हें 2 हजार रुपए हर महीने देंगे। पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहरसा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले में तीन जनसभाओं को संबोधित किया। चुनावी सभाओं में उन्होंने कई बड़े वादों का ऐलान किया। उन्होंने कहा, महागठबंधन की सरकार बनने पर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही माय बहन योजना के तहत हर परिवार की महिला के खाते में 30 हजार रुपए भेजे जाएंगे। तेजस्वी ने घोषणा की कि महागठबंधन की सरकार बनने के बाद 14 जनवरी 2026 को महिलाओं के बैंक खातों में यह राशि भेजी जाएगी।

### सभी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर होंगी उपलब्ध

## आज वर्ल्ड चैंपियंस से मिलेंगेपीएम नरेंद्र मोदी

संवाददाता

रांची: मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मानसून सत्र के दौरान विधानसभा से पारित 'झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक- 2025' को मंजूरी प्रदान कर दी। इस विधेयक के पास होने से राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के माध्यम से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इस विधेयक से उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए जरूरी परमिशन और इंस्पेक्शन से छूट प्रदान की गई है। इससे नए उद्यमों की स्थापना प्रक्रिया अधिक सरल हो जाएगी। सिंगल विंडो से एमएसएमई को मिलेगी गति : इसके अलावा 'सिंगल विंडो सिस्टम' के माध्यम से लाइसेंस से लेकर परमिशन से संबंधित सभी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के माध्यम से औद्योगिक विकास को मिलेगा प्रोत्साहन**




**अब नए उद्यमों की स्थापना प्रक्रिया पहलेकी अपेक्षा हो जाएगी**

**अब नए उद्यमों की स्थापना प्रक्रिया पहले की अपेक्षा हो जाएगी**

## परिवर्तन होकर रहेगा : मोहन

संवाददाता



**जमशेदपुर :** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में मंगलवार को एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि 'घाटशिला में परिवर्तन होकर रहेगा।' मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि ओडिशा में डबल इंजन की सरकार के कारण राज्य तेजी से विकास कर रहा है और आम जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। जबकि झारखंड खनिज-संपदा से समृद्ध होने के बावजूद बेरोजगारी, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, और जनता एनडीए की नीतियों से प्रभावित होकर उसका समर्थन कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि घाटशिला उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है और झारखंड में भी विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता चंपाई सोरेन, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू सहित कई वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे।

# कल्पना ने सोमेश के पक्ष में मांगा समर्थन

संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की जीत को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मंगलवार को घाटशिला पहुंचीं। उन्होंने गालूडीह आंचलिक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया, जहां हजारों शामिल हुए। इस दौरान कल्पना सोरेन के साथ मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री सुदिव्य सोनू और झामुमो के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सभा के दौरान पूर्व मंत्री रामदास सोरेन की पत्नी मतदाताओं को संबोधित करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने मौजूद लोगों से पुत्र सोमेश सोरेन को आशीर्वाद देने की अपील की। इस पर कल्पना सोरेन ने कहा, '11 नवंबर को जनता को रामदास सोरेन के सपनों को साकार करना होगा।' उन्होंने





मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि झामुमो की सरकार ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण कोप्राथमिकता दी है। उन्होंने जनता से अपील किया कि वे विकास और स्वाभिमान के इस संघर्ष में झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाएं। कार्यक्रम के दौरान भिलाईपहाड़ी गांव के युवा कलाकार सूरज चालक ने कल्पना सोरेन को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हस्तनिर्मित तस्वीर भेंट की। सूरज चालक ने बताया कि उन्होंने यह चित्र दिशोम गुरु के निधन के बाद उनकी स्मृति में बनाया था और आज उन्हें व्यक्तिगत रूप से सौंपकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह चित्र सिर्फ
गुरुजी की याद में नहीं, बल्कि उस आत्मा को श्रद्धांजलि है जिसने झारखंड को उसकी पहचान और अधिकारों की लड़ाई सिखाई। सभा में विधायक संजीव सरदार, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक रंजीत सहित कई स्थानीय नेता सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस का 'मतदाता बचाओ लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू



एजेंसी

रांची : झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि झारखंड में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नामपर कुछ लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती है। कांग्रेस सुनिश्चित करेगी कि कोई नागरिक अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा,
'मतदान का अधिकार हर भारतीय नागरिक का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है, जिसे कोई भी संस्था या एजेंसी छीन नहीं सकती।' कांग्रेस को सूचित किया गया है कि कुछ मतदाता सूची से गलत नाम काटे जा रहे हैं, जिसका कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव आयोग किसी राजनीतिक दल की एजेंसी की तरह काम करता है, तो वह सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेगी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की माता के निधन पर जताया शोक



संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय के डोरंडा स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय रीना मुखर्जी के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने शोकसंतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस दुखद घड़ी में धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय रीना मुखर्जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हेंश्रद्धांजलि दी।

**घाटशिला** | **केंद्र में कोई रहे, झारखंड में झामुमो को मिलेगा आशीर्वाद**

# घाटशिला में चुनाव प्रचार तेज

संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :**मंगलवार को गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गालूडीह स्थित आंचलिक मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना ने कहा कि झामुमो को मुकाम पर पहुंचाने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रामदास सोरेन हैं। ये उनके संघर्ष, परिश्रम एवं त्याग का प्रतीक हैं। कल्पना ने कहा कि झारखंड के विकास का रोडमैप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास है। केंद्र में कोई कितना भी ताकतवर क्यों ना हो, झारखंड की जनता के आशीर्वाद से हेमंत सोरेन एवं झामुमो हमेशा मजबूत रहेंगे। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना ने महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन लाया है। सभा में आए समर्थकों में उत्साह भरते हुए कहा कि 11 तारीख को सीरियल नंबर 2 पर बटन खुद भी दबाइये और अपने पड़ोसियों को भी प्रेरित करिए। चाहे उस दिन खूब ठंडा पड़े, बारिश हो या धूप, बूथ तक आने-जाने की व्यवस्था हो या नहीं, तीर-धनुष छाप पर बटन दबाकर सोमेश को भारी मतों से जिताकरविजयी होने का आशीर्वाद दें।घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। यहां झामुमो व भाजपा, दोनों ने अपने स्टार प्रचारकों की फौज उतारनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी आए। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राज्य का विकास राज्य और केंद्र सरकार के समन्वय से होता है। ओडिशा इतनी तेजी से इसलिए विकास कर रहा है, क्योंकि वहां डबल इंजन की सरकार है। झारखंड आज भी पिछड़ा इसलिए है कि यहां की सरकार अपने मन मुताबिक काम करती है और केंद्र की योजनाओं को लागू नही करती। इसलिए, ओडिशा जैसा विकास चाहिए, तो झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनाएं। इसकी शुरूआत घाटशिला में भाजपा को जिताकर कर सकते हैं। गंधनिया हाट मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में माझी ने कहा कि बिहार के विधानसभा चुनाव और ओडिशा और झारखंड में हो रहेउपचुनाव में कमल ही कमल खिलेगा।कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जनता के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाने का काम किया है।

### ओडिशा-झारखंड के चुनाव में खिलेगा कमल ही कमल



### भारी संख्या में विदेशी हथियार व शूटर के वासेपुर आने की सूचना

## गैंगस्टर प्रिंस खान के 30 करीबियों के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

संवाददाता

### एक दर्जन लोगों को किया गया गिरफ्तार



धनबाद:धनबाद की जिला पुलिस ने मंगलवार को सुबह 3 बजे गैंगस्टर प्रिंस खान के 30 करीबियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। वासेपुर, पांडरपाल, शमशेर नगर, रहमतगंज, आर मोड़, नबीनगर, कबाड़ी पट्टी, नया बाजार और निषाद नगर में पुलिस ने दबिश दी। इसमें प्रिंस खान से संबंध रखने वाले जमीन कारोबारी, पैसों का लेन-देन करने वाले, प्रिंस खान का हथियार या उसके तक पैसा पहुंचाने वाले लोग शामिल हैं। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी संख्या में विदेशी हथियार और शूटर वासेपुर आए हैं। ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में प्रिंस खान के करीबी कारोबारीभी हैं।प्रिंस खान के करीबी जमीन कारोबारी के यहां लगभग 5 घंटे तक सर्च ऑपरेशन चला। इसमें लगभग एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें कुछ लोग ऐसे हैं जो पूर्व में ही प्रिंस खान के लिए ही जेल जा चुके हैं। इसमें किसी न किसी क्राइम को अंजाम देने वाले शमशेर नगर के फिरोज मलिक, लाडले खान, साहेब कुरैशी, मोहम्मद डबलू, आरिफ डीजे, परवेज खान, मोहम्मद तौसीफ आदि के साथ-साथ पुलिस ने और कई लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अफरातफरी मच गई। पुलिस सूत्रों और स्थानीय लोगों के अनुसार, कई हथियार, नकद रुपये और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मिले हैं, जिसे पुलिसजब्त कर ले गई है।

झारखंड में 12 से 28 नवंबर तक चलेगा राज्यव्यापी रक्तदान महा अभियान, अपर मुख्य सचिव ने कहा-

# 'सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना सबकी जिम्मेदारी'

रांची, संवाददाता।



झारखंड में रक्त प्रतिस्थापन पर प्रतिबंध के मद्देनजर, जरूरतमंदों को रक्त प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए एक बैठक की गई. इसके लिए स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा, एनएचएम के निदेशक शशि प्रकाश झा, डीआईसी सिद्धार्थ सान्याल, उपसचिव ध्रुव प्रसाद सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

**सोशल मीडिया और स्थानीय प्रचार माध्यमों का उपयोग करने का मशवरा**

राज्य के सभी ब्लड बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया. इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वृहद रक्तदान अभियान 12 से 28 नवंबर तक राज्यव्यापी रक्तदान अभियान चलाया जाएगा. अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि इस अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जागरूकता फैलाई जाए और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाए. उन्होंने कहा कि 'ब्लड डोनेशन को जन आंदोलन का रूप देना होगा और इसके लिए सोशल मीडिया और स्थानीय प्रचार माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए.'

**थैलेसीमिया मरीजों की निगरानी और रक्त की गुणवत्ता पर जोर**

झारखंड राज्य स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी अस्पतालों को थैलेसीमिया के सभी मरीजों का विस्तृत डेटा एक अलग रजिस्टर में रखना होगा. उन्होंने निर्देश दिया कि हर ब्लड बैंक अपनी मासिक ऑडिट रिपोर्ट तैयार करे. अब हर तीन माह में एक बार ड्रग डायरेक्टरेट द्वारा ब्लड बैंकों का ऑडिट किया जाएगा.

**ई-रक्तकोष में पंजीकरण और मैनपावर की पूर्ति**

कार्यकारी निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा ने सभी रक्त केंद्रों को ई-रक्तकोष पंजी पर पूर्ण रूप से डाटा की इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, साथ ही मैनपावर की कमी दूर करने और ब्लड बैंक के लिए आवश्यक स्टाफ की तैनाती शीघ्र पूरी करने पर बल दिया.

**सभी के सहयोग से अभियान होगा सफल**

बैठक के दौरान एनएचएम के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में गैर सरकारी संगठन और सामाजिक संस्थाओं का योगदान अपेक्षित है. सामूहिक योगदान से ब्लड डोनेशन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है. उन्होंने इसके लिए बृहद प्रचार प्रसार पर जोर दिया.

### मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले ब्लड बैंक होंगे बंद

'जहां भी ब्लड बैंक में कोई कमी है, उसे तत्काल दूर किया जाए. जो भी ब्लड बैंक अब मानकों पर खरे नहीं उतरेंगे, उन्हें बंद कर दिया जाएगा. एसओपी की कॉपी सभी संबंधित संस्थानों को भेजी जाएगी और इसे नो नेगोशिएबल होगा, अर्थात इसे पूरी तरह पालन करना अनिवार्य होगा.' अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव

**ब्लड सेपरेशन यूनिट अनिवार्य** : अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ए. के. सिंह ने स्पष्ट किया कि राज्य में बिना ब्लड सेपरेशन यूनिट के कोई ब्लड बैंक सेंटर नहीं होगा. उन्होंने स्कूल, कॉलेज और एनजीओ की सहायता से रक्तदान अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया. बैठक के दौरान सदर अस्पताल के एक चिकित्सक ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू करने की इच्छा जताई.

# हिंदपीढ़ी स्थित श्री महावीर मंडल शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा और आरती संपन्न

रांची, संवाददाता।



रांची के हिंदपीढ़ी स्थित माली टोला शिव मंदिर चौक में स्थित श्री महावीर मंडल शिव मंदिर, जो वर्ष 1926 में स्थापित हुआ था, एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिर है। मंदिर के आस-पास अभी सात हिंदू परिवार निवास करते हैं, जो पीढ़ियों से इस मंदिर की सेवा, देखरेख और पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। पूर्व में मंदिर की जर्जर अवस्था और आर्थिक अभाव के कारण पूजा-पाठ का कार्य बाधित हो गया था। मंगला, अष्टमी, नवमी, दशमी जैसे धार्मिक आयोजनों की परंपरा भी थम गई थी। परंतु वर्ष 2023 में सात हिंदू परिवारों की साझा पहल, श्रमदान और कुछ श्रद्धालु हिंदुओं के सहयोग से मंदिर में पुनः पूजा-पाठ आरंभ हुआ। वर्ष 2025 से मंदिर के नए शिरे से पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए हैं। श्री श्याम मित्र मंडल के संस्थापक विश्वनाथ नर्सरिया के अथक प्रयास से उद्योग पति समाजसेवी ओम प्रकाश छावनीका ललिता छांवनिका वैभव छांवनिका शिल्पा छावनिका दाता के सहयोग से मंदिर के अधूरे कार्य को पूरा कराया जा रहा है। आज 11:30 बजे पूर्वाह्न में विधि-विधान से पूजा, आरती एवं मूर्ति हटाने का कार्य संपन्न हुआ। पुनर्निर्मित मंदिर में भगवान शिव परिवार, बजरंगबली, माँ दुर्गा और राधा-कृष्ण की भव्य मूर्तियाँ स्थापित की जाएंगी। विश्वनाथ नर्सरियां ने कहा कि अल्पसंख्यक हिंदू एरिया के सभी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा इस मंदिर के बाद बंशी चौक हिंदपीढ़ी मेंप्रस्तावित पांच तल्ला मंदिर का विकास कार्य शंकर प्रसाद के नेतृत में किया जाएगा प्रसिद्द वास्तुकार निशांत बक्शी और आयुषी पोद्दार के देखरेख में कार्य हो रहा है। इस पुनीत कार्य में प्रमुख रूप से - फूलों देवी, अजय वर्मा, विश्वनाथ नर्सरिया, कुंदन राम, राजेश अग्रवाल, पवन कुमार, सुमित वर्मा, किरण देवी, सुधा देवी, नीतू देवी, कृष्णा राम, निशांत पोद्दार, करण राम, उज्ज्वल गुप्ता, संगीता देवी, विक्रांत राम, पीयूष राम और शंकर प्रसाद की सक्रिय भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की माता को दी श्रद्धांजलि



रांची, संवाददाता।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय के डोरंडा स्थित आवास पहुंचे. मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति मुखोपाध्याय की माता स्वर्गीय रीना मुखर्जी के निधन पर दुख जताया. मुख्यमंत्री ने रीना मुखर्जी जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि माता का स्नेह और आशीर्वाद हर व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है, उनका जाना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है. मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय और उनके परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और कहा कि इस कठिन समय में पूरा राज्य उनके साथ खड़ा है. उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान हो.

# रेल सुरक्षा बल के जवान संजय भगत ने दिखाई बहादुरी, चलती ट्रेन से गिरती महिला की बचाई जान

रांची, संवाददाता।



रेल सुरक्षा बल के जवानों की सतर्कता और तत्परता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उनकी चौकसी यात्रियों की सुरक्षा की सबसे मजबूत गारंटी है. रांची रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान आरपीएफ के कांस्टेबल संजय भगत ने असाधारण साहस और मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक महिला यात्री की जान बचा ली.

**ट्रेन से उतरने समय हुई घटना**

ट्रेन संख्या 18086 खड़गपुर - रांची मेमू अपने निर्धारित समय पर रांची स्टेशन से प्रस्थान कर रही थी इसी दौरान एक महिला यात्री ट्रेन से उतरने की कोशिश में अचानक संतुलन खो बैठी और ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच के गैप में फंसकर गिरने लगी. यह दृश्य देखकर आसपास के यात्री घबरा गए, लेकिन उसी पल ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल संजय भगत ने बिना क्षण गंवाए त्वरित कार्रवाई की. उन्होंने तुरंत महिला को खींचकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया. उनकी इस प्रतिक्रिया और साहसिक कदम से एक बड़ा हादसा टल गया और महिला की जान भी बच गई.

**गलती से चढ़ गई थी दूसरी ट्रेन में**

पूछताछ में महिला ने अपना नाम आशा कुमारी (उम्र 30 वर्ष), पत्नी सुनील उरांव, निवासी ग्राम अकाशी, थाना भंडारा, जिला लोहरदगा (झारखंड) बताया. उन्होंने बताया कि वे लोहरदगा जाने के लिए रांची स्टेशन आई थीं, लेकिन गलती से खड़गपुर मेमू ट्रेन में चढ़ गईं. जब उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया, जिससे यह हादसा होते-होते बचा.

**आरपीएफ कर्मी रहते हैं हमेशा तत्पर**

रेल सुरक्षा बल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में तैनात आरपीएफ कर्मी लगातार यात्रियों की सुरक्षा और रेल परिसरों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए चौकन्ने रहते हैं. कमांडेंट ने कहा कि कांस्टेबल संजय भगत का यह कार्य न केवल उनकी सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि आरपीएफ कर्मी किसी भी आकस्मिक स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं.

**आरपीएफ कर्मी के साहसी कार्य की सब कर रहे हैं प्रशंसा**

कांस्टेबल संजय भगत के इस साहसिक और मानवीय कार्य की रेलवे प्रशासन ने सराहना की है. रांची रेल मंडल और आरपीएफ कमांडेंट कार्यालय ने उन्हें विशेष प्रशंसा के योग्य माना है. यात्रियों और चश्मदीदों ने भी उनकी बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि वह उस समय मौके पर तत्परता नहीं दिखाते, तो परिणाम भयावह हो सकता था.

# रांची शहर नागरिक मंच ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



रांची, संवाददाता।

रांची शहर नागरिक मंच ने आज राज्य निर्वाचन आयुक्त अल्का तिवारी को एक ज्ञापन दिया. मंच ने मांग की कि रांची नगर निगम सहित झारखंड के सभी नगर निकायों का चुनाव जल्द कराया जाए. मंच के सदस्यों ने कहा कि कई सालों से नगर निकायों का चुनाव नहीं हुआ है. इसके कारण लोगों को अपना प्रतिनिधि नहीं मिल पा रहा है. सड़क, नाली, सफाई जैसे कामों में दिक्कत हो रही है और केंद्र सरकार से मिलने वाला अनुदान भी रुक गया है. मंच ने यह भी कहा कि रांची नगर निगम के मेयर पद को अनारक्षित किया जाए. उनका कहना है कि मेयर पद रांची शहर के लिए है, इसलिए इसका आरक्षण राज्य स्तर पर नहीं होना चाहिए. हर वर्ग के लोगों को चुनाव लड़ने का समान मौका मिलना चाहिए. साथ ही मंच ने निगम के वार्डों में रोटेशन नीति लागू करने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि कई वार्ड लंबे समय से एक ही वर्ग के लिए आरक्षित हैं. इससे दूसरे वर्गों को चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल रहा है. रोटेशन नीति से हर वर्ग को बराबरी का अवसर मिलेगा.

# चक्रवात मोंथा के बाद अजीबोगरीब फंगस ने बढ़ाई सरकार की चिंता, धान को हो रहा नुकसान!

रांची, संवाददाता।



राज्य सरकार चक्रवात मोंथा के कारण हुए फसलों के नुकसान से अभी निपट ही रही थी कि एक नयी मुसीबत धान के खेतों में लग रहा फंगस आ गया है. धान के खेतों में तेजी से फैल रहे यह फंगस एक खेत से दूसरे खेत तक पहुंच रहा है. जिससे तैयार हो रहे धान को भारी नुकसान पहुंचा रहा है. यह ऐसा फंगस है जो हवा से फैलता है और एक खेत से दूसरे खेत तक बड़े ही आसानी से पहुंचकर धान के फसल को नुकसान पहुंचता है. इस फंगस की वजह से हो रहे नुकसान की चर्चा आज सोमवार को कैबिनेट की बैठक में होती रही. कृषि विभाग ने इस फंगस के कारण हो रही क्षति पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री को पूरी वास्तविक स्थिति से अवगत कराया. बता दें कि मोंथा चक्रवात की वजह से राज्य के खेतों में धान और सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं. जिससे हजारों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया.

**'किसानों को आर्थिक सहायता, टॉल फ्री नंबर- 14447 पर दें सूचना'**

खेतों में लगा धान की फसल तैयार होने को है. ऐसे में अचानक आए अजीबोगरीब फंगस ने कृषि विभाग की चिंता बढ़ा दी है. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कहती हैं कि पहले यह माना जा रहा था कि बारिश के कारण धान का पौधा जमीन पर सो रहा है मगर ऐसा नहीं है अजीबोगरीब फंगस के कारण भी क्षति हो रही है. इस वजह से बड़ी क्षति हो रही है, जो हवा से फैलता है और एक खेत से दूसरे खेत तक पहुंच रहा है. राज्य सरकार इस पर नजर रख रही है. कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए तैयार है. बिरसा फसल बीमा के जरिए 13 लाख किसानों का बीमा हुआ है. इसके अलावा अगर कोई ऐसे किसान हैं जिन्होंने बीमा नहीं कराया है वे टॉल फ्री नंबर- 14447 पर सूचना दें. उन्हें भी सर्वे करने के पश्चात आर्थिक सहायता आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा दी जाएगी.

# पीडीएस डीलरों को मिलेगा 14 माह का बकाया कमीशन, सरकार ने जारी किए 52 करोड़

रांची, संवाददाता।



झारखंड सरकार ने राज्य के 25 हजार से ज्यादा पीडीएस डीलरों को बड़ी राहत दी है. सरकार ने उनके 14 महीने से रूके कमीशन का भुगतान करने के लिए 52 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर दी है. यह पैसा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले डीलर कमीशन और खाद्यान्न ढुलाई के लिए दिया जाएगा. SNA-SPARSH प्रणाली के जरिए पीडीएस डीलरों को कमीशन ऑनलाइन सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा.

**केंद्र के बाद राज्य ने भी जारी की राशि**

बता दें कि केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2025 में 38.76 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी. इसके बाद राज्य सरकार ने Top-Up राशि के रूप में 52.03 करोड़ रुपये देने का फैसला किया. इससे पहले मई और जुलाई में कुल 72 करोड़ रुपये से ज्यादा का आवंटन किया गया था. रांची जिले में लगभग 2000 डीलर हैं. इनमें से 1800 डीलरों के बैंक विवरण पूरे हो गए हैं. बाकी डीलरों के खातों में सुधार का काम चल रहा है. विभाग का कहना है कि अगले 15 दिनों में सभी डीलरों को पैसा मिल जाएंगे. SPARSH प्रणाली से भुगतान किया जाएगा, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो. राज्य स्तर पर खाद्य एवं उपभोक्ता निदेशालय इसकी निगरानी करेगा और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भुगतान की जिम्मेदारी दी गई है. राशि का उपयोग सरकार के नियमों के अनुसार ही किया जाएगा. भुगतान के बाद जिलों को उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजना होगा और महालेखाकार, झारखंड द्वारा व्यय का ब्यौरा जांचा जाएगा.

# विदेश गए तो नहीं लौटेंगे इरफान अंसारी! ममता सरकार की दलील से कोलकाता हाईकोर्ट सहमत, मंत्री ने दी सफाई

रांची, संवाददाता।



सब कुछ ठीक होता तो झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी आज यानी 4 नवंबर 2025 को लंदन में होते लेकिन ऐसा नहीं हो सका. मामला बेहद रोचक है. झारखंड की हेमंत सरकार चाहती थी कि उनके स्वास्थ्य मंत्री विदेश हो आएं लेकिन पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को आशंका है कि अगर पासपोर्ट मिला तो इरफान अंसारी विदेश से नहीं लौटेंगे. पश्चिम बंगाल सरकार की इसी दलील पर कोलकाता हाईकोर्ट ने पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया.

**स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का पक्ष**

इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने ईटीवी भारत से बातचीत में बताया कि यह एक कानूनी मामला है. इसको कानूनी तरीके से ही हैंडल किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग उनसे जुड़े मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं. अगर केंद्र सरकार से विदेश दौरे की स्वीकृति ली गई होती तो पासपोर्ट रिलीज करने वाली अड़चन ही नहीं आती. हालांकि उन्होंने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि जब हेमंत सरकार ने उनके विदेश दौरे पर सहमति दे दी है फिर ममता सरकार आपत्ति क्यों जता रही है?

**क्यों लंदन जाना चाहते थे मंत्री इरफान?**

दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कोलकाता हाईकोर्ट में पिटीशन देकर जब्त पासपोर्ट को अस्थायी तौर पर 1 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक के लिए जारी करने का आग्रह किया था. क्योंकि उन्हें वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट, एक्सेल, लंदन कार्यक्रम में 4 नवंबर से 6 नवंबर तक शिरकत करना था. इसके लिए मंत्री इरफान अंसारी ने 21 अक्टूबर को झारखंड सरकार की ओर से मिली स्वीकृति की कॉपी भी अटैच की थी. उन्हें सरकारी खर्च पर इस आयोजन में शामिल होना था.

**पश्चिम बंगाल सरकार की दलील**

इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कोलकाता हाईकोर्ट के समक्ष आशंका जताई गई कि पासपोर्ट रिलीज करने पर इरफान अंसारी वापस देश नहीं लौटेंगे. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोलकाता हाईकोर्ट की जस्टिस अमृता सिन्हा की बेंच ने पासपोर्ट जारी करने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि 'ऐसा नहीं लगता कि याचिकाकर्ता के पास तुरंत विदेश यात्रा करने का कोई जरूरी कारण है'. बता दें कि मंत्री इरफान अंसारी का पासपोर्ट 25 सितंबर 2024 से कोलकाता हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच के आदेश पर जमा किया जा चुका है.

**किस मामले में जब्त है पासपोर्ट**

दरअसल, 30 जुलाई 2022 को इरफान अंसारी के अलावा कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को पश्चिम बंगाल पुलिस ने हावड़ा में करीब 50 लाख रुपये नगदी के साथ गिरफ्तार किया था. तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. इसी दौरान जमानत की शर्त के तौर पर पासपोर्ट को जब्त कर लिया गया था. हालांकि बाद में झारखंड हाईकोर्ट ने 3 मार्च 2023 को प्राथमिकी रद्द कर दी थी, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन दायर की है.

# झारखंड में कांग्रेस चलाएंगी 'मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान, यूपीए गठबंधन को बताया सफल प्रयोग

रांची, संवाददाता।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. पार्टी झारखंड में 'मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू करने जा रही है, ताकि किसी भी नागरिक को उसके संवैधानिक मताधिकार से वंचित न किया जा सके. उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार हर भारतीय नागरिक का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है, जिसे कोई भी संस्था या एजेंसी छीन नहीं सकती.

**किसी भी गड़बड़ी पर पार्टी की नजर**

उन्होंने बताया कि झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की ओर से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जा रहे हैं. ये एजेंट मतदाता सूची के पुनरीक्षण और सत्यापन कार्य की निगरानी करेंगे तथा किसी भी गड़बड़ी की जानकारी पार्टी को देंगे. उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने जैसी घटनाएं देखने को मिली हैं और झारखंड में भी ऐसी आशंका है, इसलिए कांग्रेस ने पहले से ही तैयारी कर ली है ताकि कोई भी नागरिक अपने वोट के अधिकार से वंचित न हो. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ नहीं बल्कि लोकतंत्र की रक्षा है. मताधिकार छीनना या वोट चोरी लोकतंत्र पर सीधा हमला है.

**घाटशिला उपचुनाव में गठबंधन की जीत का दावा**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष ने घाटशिला उपचुनाव का भी जिक्र किया है. उन्होंने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी सोमेश कुमार सोरेन के समर्थन में कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव मैदान में है. सभी जिला, प्रखंड और मंडल स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ-स्तर तक सक्रिय हैं. उन्होंने कहा कि गठबंधन के सभी दल एकजुट होकर काम कर रहे हैं और भारी बहुमत से उम्मीदवार की जीत तय है.

**कांग्रेस मजबूत होगी तो देश मजबूत रहेगा: प्रदीप यादव**

इधर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बताया कि कांग्रेस की मजबूती ही देश की मजबूती है. उन्होंने कहा, देश की एकता, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की अखंडता तभी सुरक्षित रह सकती है जब कांग्रेस मजबूत रहेगी. वोट का अधिकार दलितों, पिछड़ों और आम नागरिकों का अधिकार है और इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है. उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले सभी दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया है.




# जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़, संवाददाता**



उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती इन्दु प्रभा खलखो के द्वारा ढढळ के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। सर्वप्रथम मासिक परफॉरमेंस रैंकिंग और Socore कार्ड के आधार पर महिला पर्यवेक्षिकाओं की रैंकिंग और पोषण ट्रैकर के विभिन्न इंडिकेटर पर महिला पर्यवेक्षिओं की उपलब्धि की जानकारी दी गयी एवं एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत पोषण ट्रैकर के सभी indicator पर उपलब्धि पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों जिन्हें उपायुक्त स्तर से ट्रांसजेंडर पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया है, उन सभी को सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन योजना से जोड़ने एवं आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के अन्तर्गत आनेवाली परियोजना पतरातु के सभी इंडिकेटरों पर सुधार हेतु सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं को महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अन्तर्गत प्रदर्शित पेंडेन्सी को दो दिनों के अन्दर शत-प्रतिशत स्कूल से मैपिंग करते हुए स्वीकृति करने का निर्देश सभी सीडीपीओ को दिया गया। FRS में भी शत प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने का निर्देश सभी सीडीपीओ को दिया गया। कम उपलब्धि वाले परियोजना जैसे पतरातु, माण्डू, रामगढ़ में लाभुकों का उपलब्धि दो दिनों के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षिका कोदिया गया, जहां कठिनाई है, उस आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं लाभुकों को चिन्हित करते हुए अविलम्ब जिला कार्यालय को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अन्तर्गत नए सभी लाभुकों का रजिस्ट्रेशन एवं सभी तरह की पेंडेन्सी यथा सुपरवाईजर वेरिफिकेशन, सीडीपीओ के स्तर से स्वीकृति, शिकायत निवारण को दो दिनों के अन्दर निष्पादन करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सेविका एवं सहायिका रिक्ति को अविलम्ब समाप्त करने का निर्देश दिया गया। आयुष्मान भारत कार्ड योजना से सेविका, सहायिका को शत-प्रतिशत आच्छादित करने का भी निर्देश दिया गया। मिशन शक्ति के अन्तर्गत पालना गृह सह क्रेच संचालन हेतू अविलम्ब भवन चिन्हित करने हेतु सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया गया। पोषण वाटिका से संबंधित कार्य को मनरेगा अभिसरण से पूर्ण करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। आधारभूत संरचना यथा पेयजल, शौचालय, विद्युत से संबंधित भौतिक प्रतिवेदन दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी CO-Location से संबंधित प्रतिवेदन 06.11.2025 तक विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का निर्देश सभी सीडीपीओ को दिया गया। सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को Google Sheet के माध्यम से प्रत्येक दिन की कार्य योजना एंट्री करते हुए जिला कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ विभाग द्वारा चलायी जाने वाली अन्य योजनाओं की भी विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी परियोजना के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

## श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़, संवाददाता**



श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक श्री अनिल कुमार रंजन एवं जिला नियोजन पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार के द्वारा उपायुक्त को उनके उनके विभाग द्वारा संचालित योजना तथा विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस इस दौरान श्रम अधीक्षक के द्वारा झारखंड असंगठित कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, मातृत्व प्रसव सुविधा योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित श्रमिक औजार सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की विस्तार से जानकारी दी गई इस दौरान उपायुक्त के द्वारा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा योग्य लाभुकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने आगामी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों का निबंध सुनिश्चित करने के तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार द्वारा उपायुक्त को रामगढ़ जिले में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि जिले में अब तक 10400 बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण किया गया है एवं उनके लिए समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025- 26 में कुल तीन रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा वहीं 12 भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उनके द्वारा जानकारी दी गई की जिला नियोजनालय द्वारा युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रोजगार मेला एवं भर्ती कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक करने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## रामगढ़ में गंगा उत्सव 2025 का आयोजन



**रामगढ़, संवाददाता**

मंगलवार को नमामि गंगे योजनांतर्गत रामगढ़ जिले के 20 विभिन्न विद्यालयों में गंगा उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और समुदाय में नदी, तालाबों एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जिनमें निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा गंगा शपथ प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मकता और गंगा के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। निबंध लेखन में गंगा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता पर विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं चित्रकला और रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने 'स्वच्छ गंगा - स्वस्थ भारत' का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों ने गंगा को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षकों ने भी बच्चों को गंगा के महत्व और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित किया।

# जिला भर के सिख समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ शाम में निकली शोभा यात्रा

- ❖ गुरु नानक जयंती के अवसर पर बुधवार को विभिन्न समुदाय के लोग जुटेंगे गुरुद्वारा में
- ❖ भंडारा का भी होगा भव्य आयोजन

**रामगढ़, संवाददाता**



सिख समुदाय ने हर्षोल्लास साथ 557वां प्रकाश पर्व में मंगलवार को शाम करीब रामगढ़ शहर के बिजोलिया में स्थित भुपेंद्र सिंह जोली के निवास स्थान से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नेतृत्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान परमदीप सिंह कालरा अगुवाई कर रहे थे। सिख धर्मावलंबीयों के महान प्रवर्तक औंर सर्वप्रथम श्री गुरुनानक देव जी की प्रकाश पर्व की शुभ अवसर पर सिख समुदाय ने हर्षोल्लास साथ शोभायात्रा में श्रीगुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं शामिल हुए। स्कूल के छात्र-छात्राओं अपने हाथों में बैनर पोस्टर चलने लगे। शहर के गुरुद्वारा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में पूरे लाईट औंर विद्युत साज सज्जा से विधिवत रूप से सजा दिया गया। इस शोभायात्रा में पंजाब प्रांत के गतका पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। धनबाद शहर के प्रसिद्ध गायक विक्की छाबड़ा अपनी मधुर आवाज से जलवा बिखेरगा गया। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में दुल्हन की तरह सजाया गया। पूरे रामगढ़ शहर लोगों का मनमोहक लिया। इसके साथ ही पुरुष हाथों में कृपाण तथा महिलाओं के हाथों में सिराफा लिय हुए बोलने लगे कि जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल चारों तरफ गुंज उठा रामगढ़ शहर। बिजोलिया से निकलते हुए रामगढ़ रेलवे स्टेशन मैन रोड सुभाष चौक मैन रोड गांधी चौक गोला रोड़ होते हुए चटटी बाजार पहुंचे। उक्त मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, खजांची रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी तेजेंद्र सिंह सोनी, जगजीत सिंह सोनी मंजीत सिंह कुज्जू वाले, विंकल कालरा, प्रीतम सिंह कालरा, प्रसिद्ध शब्द गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा, हरजीत सिंह छाबड़ा कंवलजीत सिंह लांबा, त्रिलोचन सिंह जैसल, गुरजीत सिंह सलूजा, जगजीत सिंह सोनी, कमल जस्सल, विक्की छाबड़ा, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, जसविंदर सिंह छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, गुरजोत सिंह सैनी सिंह जसकीरत भाटिया, रौनक छाबड़ा, बिट्टी छाबड़ा,यश छाबड़ा, मन्नत सिंह, बबलू छाबड़ा सूमी जॉली गुरबक्श कौर सैनी, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, सोनम कालरा, कुदरत छाबड़ा, बलविंदर कौर छाबड़ा, शरण कौर छाबड़ा, मनप्रीत कौर सैनी, लवली लांबा, बलविंदर कौर पवार, बबली सोनी, निक्की लांबा सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## गालूडीह में गरजी कल्पना सोरेन, संजीब सरदार भी रहे भागीदार



**जमशेदपुर, संवाददाता**

आगामी 11 नवंबर को होने वाले घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर मंगलवार गालूडीह आंचलिक मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा की भव्य और ऐतिहासिक जनसभा आयोजित की गई। जिसमें गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन उपस्थिति रहीं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से काफी आत्मीयता से कहा कि झामुमो को इस बार भरी मतों से जिताएं। साथ ही उन्होंने वहां जनसभा स्थल पर उमड़े जनसैलाब से कहा कि आपने साबित कर दिया कि घाटशिला की जनता इस बार भी झामुमो के साथ है और अबुआ सरकार की नीतियों पर अपना भरोसा कायम रखेगी। इस अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने भी मंच साझा कर झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में उमड़े जनसैलाब को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि घाटशिला की जनता अब विकास, रोजगार और सशक्त नेतृत्व के पक्ष में एकजुट है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि 11 नवंबर को 'तीर-कमान' निशान पर बटन दबाकर सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाएं। मौके पर झामुमो के मंत्री, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, आंदोलकारी नेता समेत बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक एवं ग्रामीण भी मौजूद थे।

## टुण्डी में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न

**धनबाद, संवाददाता**



झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के बाद एक अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था का होना नितांत आवश्यकता है इसके लिए वर्तमान सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए आज सोमवार को टुण्डी प्रखंड के पूणार्डीह पंचायत अंतर्गत ग्राम अलकुसिया में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों जिसकी प्राक्कलित राशि 1:49 लाख रुपए है जबकि पूर्वी टुंडी के चेपकियां गांव में 55 :50 की लागत से बनने वाली दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का बतौर मुख्य अतिथि वर्तमान सरकार के मुख्य सचेतक सह टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह की गरिमामय उपस्थिति में शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हो गया। अपने संबोधन में सचेतक श्री महतो ने कहा कि झारखंड सरकार का सपना है कि इस राज्य में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को एक अच्छे संस्कार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ एक बेहतरीन स्वास्थ्य लाभ मयस्सर हो इसके लिए हर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कराया जा रहा है। झारखंड में कोई भी व्यक्ति बिना इलाज एवं कुपोषित न हो इसके लिए वर्तमान सरकार वचनबद्ध हैं। साथ ही विधायक श्री महतो ने कहा कि टुण्डी प्रखंड के सभी क्षेत्र मुख्य मार्ग से जुड़ें ऐसा प्रयास मेरे द्वारा लगातार जारी है। मौके पर मुख्य रूप से विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम, पूणार्डीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, टुण्डी प्रमुख मालती मरांडी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, श्रवण बेसरा, बबलू सिंह, संवेदक मनीष कुमार साव, मनोज निषाद, आनंद महतो, जबकि पूर्वी टुंडी प्रखंड में गिरिलाल किस्कू, तपन मंडल, वशीर अंसारी, अजीत मिश्रा, संवेदक नीरज कुमार भगत समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## निरसा क्षेत्र में कंपनियों की सीएसआर राशि का नहीं हो रहा सदुपयोग : राजेश कुमार मिश्रा



**एग्यारकुंड।** राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के मुगमा एरिया अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को कुमारधुबी कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुमारधुबी कोलियरी, बरमूड़ी ओसीपी, राजपुरा कोलियरी के अध्यक्षों एवं सचिवों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य विषय सीएसआर फंड (कॉपोर्रेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) रहा। राजेश मिश्रा ने कहा कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में एमपीएल, डीवीसी पावर प्लांट, पंचेत डैम, नटराज, अरुण रिफैक्ट्री, मैथन श्रमिक, ओम वोस्को, अंकुर बायो केमिकल जैसी दर्जनों फैक्ट्रियां हैं, परंतु इन कंपनियों द्वारा सीएसआर के तहत क्षेत्र में कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कंपनी को अपने सालाना टर्नओवर का दो प्रतिशत सीएसआर मद में खर्च करना होता है, जो स्थानीय ग्रामीणों के विकास – जैसे बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल–कूद की सुविधाओं पर लगाया जाना चाहिए। लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर इसका विवरण जनता के बीच प्रस्तुत नहीं किया गया है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सीएसआर फंड की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई, जिसके कारण कंपनियां करोड़ों रुपये जनता के विकास कार्यों से दूर रखे हुए हैं। उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रीय जनता कामगार संघ जल्द ही निरसा, एग्यारकुंड, केलियासोल प्रखंडों से लेकर मुगमा एरिया के जीएम से मुलाकात कर जनता का पैसा जनता के विकास में खर्च कराने की मांग उठाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से राजन कुमार, दिलीप बाउरी, धर्मेंद्र पासवान, अरुण महतो, बलराम मल्लाह, एवं अजीज आलम उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ऑफिस में समान समारोह का आयोजन किया गया

**बोकारो, संवाददाता**



वरुण कुमार सिंह को रीजनल सचिव बनाए जाने पर लोगों में हर्ष मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ सीसीएल रीजनल कमेटी की बैठक विधानसभा सभा का रांची में 2 नवंबर 2025 रविवार को संपन्न हुई थी अवसर पर कथारा, जारंगडीह, बेरमो और स्वांग क्षेत्र के मजदूर प्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी प्रतिनिधियों शामिल हुए इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने और सदस्यता बिस्तर पर विचार चर्चा के साथ संगठन का पूर्णगठन भी किया गया था जिसमे यशोमती से बी एन पांडे को अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कथारा क्षेत्रीय सचिव वरुण कुमार सिंह को रीजनल सचिव और पंकज दुबे को कोषाध्याय चुना गया था इसको लेकर बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ऑफिस में आज 4 नवम्बर 2025 मंगलवार को रीजनल सचिव बनाए जाने पर लोगों में हर्ष जताते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वकील अंसारी जबकि संचालक अशोक ओझा ने किया इसके साथ कन्हाई चौहान, जोगिंदर सोनार, मोहम्मद रिजवान,हरेंद्र कुमार सिंह, किशोर मंडल,राजीव कुमार सिंह, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए इन सभी ने वरुण कुमार सिंह को रीजनल सचिव बनाए जाने पर 51 किलो का माला पहना कर माला पहना कर,पुष्पगुच्छ देकर माला सम्मानित किया ।

## ललपनिया स्थित लुगू बुरू घंटा बड़ी में आज होगा आदिवासी धर्म सम्मेलन, मुख्यमंत्री करेंगे पूजा-अर्चना

**बोकारो, संवाददाता**



जिले के ललपनिया स्थित आदिवासियों के सबसे बड़े धर्मस्थल लुगू बुरू घंटा बड़ी में इस वर्ष भी पारंपरिक आदिवासी धर्म सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर होता आ रहा है, जिसमें देश और विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आदिवासी समाज के लोग लुगू बाबा की पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। राज्य सरकार ने इस आयोजन को राजकीय महोत्सव के रूप में घोषित किया है। आगामी 5 नवम्बर को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी यहां पहुंचकर लुगू बाबा की पूजा-अर्चना करेंगे। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इसी स्थल पर आदिवासी धर्म, संस्कृति और लोकाचार की शुरूआत हुई थी। कहा जाता है कि दरबारी चट्टान पर लुगू बाबा की अगुवाई में कई दिनों तक धर्म स्थापना का कार्य संपन्न हुआ था। आज भी वहां स्थित पौराणिक पत्थरों में बने ऊखल उस ऐतिहासिक काल की गवाही देते हैं, जहां धान कूटकर चावल तैयार किया जाता था। आस्था है कि लुगू बुरू बाबा की गुफा में विराजमान बाबा अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां आकर अपनी आस्था अर्पित करते हैं।

# बीएसएल में 'सेल शाबाश योजना' के अंतर्गत उत्कृष्ट कर्मियों को किया गया सम्मानित

**बोकारो, संवाददाता**




बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विभाग द्वारा सेल शाबाश योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही में चयनित कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन बोकारो क्लब में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रांजलि ने स्वागत भाषण के दौरान योजना की रूपरेखा, उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में आलोक वर्मा ने कहा कि सेल शाबाश योजना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना कर्मचारियों की निष्ठा, समर्पण और संस्था के प्रति उनके योगदान को रेखांकित करती है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कुल 36 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। यह पल न केवल कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय रहा, बल्कि उनके परिजनों के लिए भी आनंद का क्षण बना। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक (मानव संसाधन) पी. पी. टोप्पो और सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) आर. एस. बा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) माला रानी ने दिया।

## स्कूलों में तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों ने ली तंबाकू न लेने की शपथ

**बोकारो, संवाददाता**



सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद के निदेर्शानुसार बोकारो जिले के राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल पेंक बोकारो एवं हाई स्कूल गोनियाटो में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परामर्शी मोहम्मद असलम एवं छोटेलाल दास ने छात्रों को तंबाकू से होने वाले नुकसान और इसे छोड़ने के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 5.1 प्रतिशत बच्चे तंबाकू का सेवन करते हैं, जिनमें अधिकांश कक्षा 7 से 10 के छात्र होते हैं। अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन न करने और विद्यालय को तंबाकू-मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


असलम ने कहा कि तंबाकू छोड़ने के बाद शरीर में तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं –

- 8 घंटे में ऑक्सीजन स्तर सामान्य होता है,
- 24 घंटे में हार्ट अटैक का खतरा घटता है,
- 72 घंटे में फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है,
- एक महीने में खांसी और सांस की परेशानी कम होती है,
- 12 महीने में हृदय रोग का जोखिम घटता है,
- और 5 वर्षों में स्ट्रोक का खतरा काफी कम हो जाता है।

# यूपी में जुगाड़ की नाव से फसल बचा रहे किसान

## खेतों में 2-3 फीट तक पानी, हताश किसान बोला-अब कुछ नहीं बचा



**लखनऊ।** यूपी में तीन दिन बाद बारिश तो थम गई, लेकिन किसानों की मुसीबतें खत्म नहीं हुई हैं। हजारों बीघा धान की फसल अब भी पानी में डूबी हुई है। खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा है। कहीं खड़ी फसल गिर गई है, तो कहीं कटी फसल खेत में तैर रही है। बलिया में किसान जुगाड़ की नाव बनाकर फसल को बचा रहे हैं। उन्होंने लकड़ी के टुकड़ों पर टीनशेड बांधकर नाव जैसी संरचना बनाई है। उसी पर धान की फसल काटकर रख रहे हैं और फिर उसे सूखे स्थानों पर ले जा रहे हैं। गाजीपुर में किसान फसल सड़ने से बचाने के लिए कटाई करते नजर आए। फसल बर्बाद होने से एक हताश किसान ने कहा- फसल तो अब सड़ ही जाएगी, कुछ नहीं बचा है। जौनपुर में एक किसान तो निराश होकर खेत में ही बैठ गया। बुलंदशहर में बारिश के बाद गड्ढे में भरे पानी में डूबकर दो सगी बहनों की मौत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, एक हफ्ते बाद सुबह-शाम की ठंड बढ़नी शुरू होगी। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि अक्टूबर में प्रदेश में सामान्य 28.2 मिमी के मुकाबले 131% अधिक, यानी 65.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सोनभद्र में सबसे अधिक 211.6 मिमी बारिश हुई, जबकि वाराणसी 210.3 मिमी के साथ दूसरे नंबर पर रहा। बुलंदशहर के डिबाई के देवी का नगला गांव में रविवार सुबह ईंट भट्टे के गड्ढे में भरे पानी में खेलते समय 4-6 साल की दो सगी बहनें डूब गईं। डूबने से दोनों की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि भट्टे पर बारिश के बाद कई दिनों से पानी भरा था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कृषि वैज्ञानिक प्रो. पीके सिंह ने बताया- अचानक हुई भारी बारिश से पकी हुई धान की फसल बर्बाद हुई है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर जाने से कटाई के लिए तैयार धान गिरकर खराब हो गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा, खड़ी फसलों पर भी असर पड़ा है। कई खेतों में पौधे पानी में डूब जाने से सड़ने लगे हैं। सब्जी किसानों के लिए भी यह बारिश मुसीबत बनकर आई। जिन सब्जियों की बेल या लतादार फसलें (जैसे आलू, तोरई, गाजर) होती हैं, वे पूरी तरह खराब हो गईं, क्योंकि लगातार नमी और पानी जमने से पौधों की जड़ें सड़ गईं। इस वजह से बाजार में सब्जियों की आपूर्ति कम हो गई है, जिससे कीमतें अब बढ़ेंगी। बारिश के बाद खेतों में फिर से अत्यधिक नमी आ गई है, जिसके कारण नई बुआई में देरी होगी। देर से बुआई का सीधा असर अगली फसल पर पड़ेगा। फसल देर से तैयार होगी और कीट-रोगों का खतरा बढ़ जाएगा। कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया- लगातार बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की धान, सब्जी और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई गांवों में खेतों में पानी भर जाने से फसलें पूरी तरह चौपट हो गईं। अब प्रशासनिक स्तर पर फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय होगा कि किस जिले या गांव में कितने प्रतिशत नुकसान हुआ है। बारिश या बाढ़ से नुकसान का आकलन क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए किया जाता है। इसमें कृषि विभाग के अधिकारी खेतों का निरीक्षण कर त्रिभुज के आकार में फसल काटकर औसत उत्पादन का अनुमान लगाते हैं। यही आंकड़े तय करते हैं कि गांव या क्षेत्र में कितना प्रतिशत फसल नुकसान हुआ है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया- राज्य सरकार की तरफ से सिर्फ उन्हीं किसानों को मुआवजा देने का प्रावधान है, जिनकी फसल 33% से ज्यादा खराब हो चुकी है। ऐसे प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को सर्वे के आधार पर कितना नुकसान हुआ है, देखकर मुआवजा दिया जाता है। हालांकि, अभी रिपोर्ट नहीं आई है कि कितनी फसलों का नुकसान हुआ है। सीएम योगी ने फसलों के नुकसान का सर्वे कराने और मुआवजा देने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अगर आपकी भी फसल बर्बाद हुई है तो अपने संबंधित तहसील कार्यालय में इसकी शिकायत करें। फिर टीम आपके यहां सर्वे करेगी। साथ ही, जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल का बीमा कराया है, वह नुकसान की सूचना 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर दें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सीएम योगी को लेटर लिखा है। उन्होंने किसानों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है। अजय राय ने लिखा- बारिश से धान, आलू, तिलहन और हरी सब्जियों की फसलें नष्ट हुई हैं। महोबा में किसान छोटेलाल की मौत और झांसी में किसान कमलेश यादव ने आत्महत्या कर ली। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से तुरंत राहत और सहायता देने की मांग की है। फसलों के नुकसान का सर्वे और किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। मृत किसानों के परिवारों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए।

## पटेल जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कुशीनगर व नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा संयुक्त रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह नगर के नेशनल हाईवे चौराहे से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, निवर्तमान अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, नगर मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, मंडल महामंत्री रवि शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने सभी को राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी नेशनल हाईवे चौराहे से शहीद अमिय त्रिपाठी चौक तक पहुंचे जहां आयोजित गोष्ठी में श्री जायसवाल ने लौह पुरुष, भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि स्व. सरदार पटेल में अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना थी। वह भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले महान शिल्पी थे। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में विश्व में उभरा है। इस दौरान विपुल दुबे, राधेश्याम गोंड,अमित पांडेय, श्रवण तिवारी, राहुल सोनी, सुमित जायसवाल, सभासद गण केशव सिंह, राजेश मद्धेशिया, मुन्ना शर्मा, गिरिजेश सिंह, राकेश यादव सहित शक्ति केंद्र संयोजक व कार्यकर्ता गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कुशीनगर जिले में 35 मिमी. वर्षा रिकार्ड : गन्ना और धान दोनों फसलों को नुकसान, खेतों में पानी भरा

संवाददाता

--------------------

**कुशीनगर।** मोंथा चक्रवात का असर कुशीनगर जिले में दिखाई दिया। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में 35 मिली मीटर वर्षा हुई, अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में 115 मिली मीटर वर्षा, असमय तेज हवा के साथ रिकॉर्ड हुई। कई स्थानों पर गन्ना की फसल गिर गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस समय धान की फसल पक कर तैयार है, इस असमय वर्षा से धान की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। ये बातें पूर्व सहायक निदेशक व गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने भगवानपुर, हेतिमपुर, कसया, खेदनी आदि गांवो का भ्रमण कर गन्ना फसल को देखा तत्पश्चात ग्राम बकनहा शिव मंदिर परिसर में किसानों के साथ बैठक में कही। अचानक, असमय, रुक-रुक कर



35 मिली मीटर वर्षा होने से तापमान गिर गया, जिससे किसान चिंतित हैं। इस बारिश से खेतों में पानी भर गया है। अधिक नमी होने के कारण चारों चीनी मिलों में समय से गन्ना पेराई प्रारंभ करने में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। अप्रैल से अब तक कुल कितने मिली मीटर वर्षा हुई है, यह जानने के लिए पूर्व सहायक निदेशक ने चारों चीनी मिलों के अधिकारियों से बातचीत की। रामकोला चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक 'गन्ना' इंद्र शर्मा ने बताया कि 1040 मिली मीटर वर्षा हुई है। ढाढ़ा चीनी मिल के उपाध्यक्ष 'गन्ना' रविंद्र सिंह ने बताया कि अब तक 850 मिली मीटर वर्षा हुई है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में 30 मिमी वर्षा हुई है। खड्डा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक श्री सुधीर कुमार ने बताया कि 1335 मिली मीटर वर्षा हुई है।

सेवरही चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक पी एन. शाही ने बताया कि 1050 मिली मीटर वर्षा हुई है, तथा अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में 32 मिली मीटर वर्षा हुई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुरुति ने पूर्व सहायक निदेशक को बताया कि मोंथा चक्रवात का असर कुशीनगर जिले में भी दिखा है, 35 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई है, अब मौसम साफ रहेगा। गन्ना फसल को कितना नुकसान हुआ है, फसल को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक खेतों में पानी भरा है। जलभराव वाले गन्ने में पानी के ऊपरी आंखों से जड़ें निकल रही हैं। कुछ गन्ने की पत्तियां पीली पड़ रही हैं गन्ना गिरने के बाद गांठों से जड़ें निकल रही हैं। आंखें अंकुरित हो रहीं हैं। कुछ खेतों में गिरा हुआ गन्ना पुनः खड़ा हो रहा है। इससे उपज तथा चीनी परता दोनों घटेगा। शरदकालीन गन्ना बुवाई में देरी होगी। वर्तमान में गन्ने का मूल्य बढ़ने से किसानों में उत्साह दिखाई दे रहा है। ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने गेट क्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए 11 स्थानों पर भव्य गन्ना गोष्ठी का आयोजन करवाया है। इन गोष्ठियों में उन्होंने स्वयं किसानो से संपर्क किया है। जिसका सकारात्मक परिणाम मिल रहा है।

## कंबाइन मशीन से टकराई बाइक, मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली।** छतोह-गांधीनगर मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हैं। क्षेत्र के ओलीपुर मजरे संडहा गांव निवासी नीलेश कुमार अपने पिता शेषपाल और मां निर्मला के साथ डीह थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में रिश्तेदारी में जा रहे थे। छतोहझगांधीनगर मार्ग पर जानकी देवी पब्लिक स्कूल के पास छतोह की ओर जा रही कंबाइन मशीन को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर मशीन से जा टकराई। हादसे में नीलेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मां निर्मला ने भी दम तोड़ दिया।

## डंपर ने तीन दोस्तों को कुचला: एक साथ उठी तीनों की अर्थी, कर रहे थे सेना में जाने की तैयारी, गांव में सन्नाटा

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र में सड़क हादसे में मरने वाले तीनों दोस्तों के शव शनिवार रात में करीब साढ़े 10 बजे गांव में पहुंचे। शवों को देख परिजन, ग्रामीण बिलख उठे। गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। फिलहाल पुलिस को तहरीर नहीं मिली थी। गांव शेरपुर निवासी रोहित, मोंटू, श्वेत की दादरी कोतवाली क्षेत्र में हायर कंपनी के पास मोड़ पर डंपर की टक्कर से मौत हो गई थी। तीनों सुरक्षा बल में



भर्ती होने की तैयारी कर रहे थे। परिजनों ने शासन, प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। रविवार को गांव में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के बुजुर्ग धर्मा, दुलीचंद, खचेड़ू का कहना है कि उन्होंने पहली बार एक साथ तीन युवाओं की अर्थियां उठती देखी हैं। पिता विनोद ने बताया कि मोंटू परिवार में सबसे बड़ा था। छोटा बेटा दीपांशु हाईस्कूल, बेटी पारूल कक्षा आठ में है। वह पंचर लगाते हैं। श्वेत के पिता राजकुमार ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। श्वेत उनका बड़ा बेटा था। छोटा बेड़ा स्पर्श हाईस्कूल का छात्र है। श्वेत के सफल होने से परिवार के हालात बदल जाएंगे यही सोचा था। रोहित के पिता जितेंद्र ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। रोहित उनका छोटा बेटा था।

# चुनाव आयुक्त बोले: पूरे देश की वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण होगा

**कानपुर।** अकेले बिहार में अब तक विश्व का सबसे बड़ा वोटर लिस्ट शुद्धिकरण अभियान चला है। जिस दिन अन्य राज्यों में 51 करोड़ मतदाताओं की सूची का शुद्धिकरण होगा, वह भी एक ऐतिहासिक होगा। जब यह प्रक्रिया पूरे देश में पूरी होगी, तब आपको न सिर्फ अपने चुनाव आयोग पर, बल्कि अपने मुख्य आयुक्त और अपने समाज के ज्ञानेश कुमार पर भी गर्व होगा।




ये बातें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कानपुर में कही। रविवार को वे आईआईटी कानपुर के फाउंडेशन डे में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं अपनी मां की बात नहीं टालता हूं। उन्हीं के कहने पर मैं यहां आया हूं। कार्यक्रम में उन्होंने आईआईटी में पढ़ाई के दिनों के किस्से, कानपुर से जुड़ा अपनापन और अनुभव साझा किए। आईआईटी कानपुर से पहले स्वरूपनगर स्थित टीएसएच स्पोर्ट्स हब में आयोजित माथुर वैश्य समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा- चुनाव में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा- मैंने अपनी माता जी से कहा था कि बिहार चुनाव के चलते आईआईटी आने की संभावना नहीं है। आईआईटी के लोगों ने भी मेरे आने की उम्मीद छोड़ दी थी। लेकिन मैं अपनी माता जी की आज्ञा का पालन करते हुए कानपुर आया हूं। मैं एक पूर्व विद्यार्थी के नाते आईआईटी कानपुर आया हूं। आईआईटी ने मुझे जो सम्मान देने का निर्णय लिया है, वह मेरे लिए गर्व की बात है। कानपुर में बिताए गए 4 साल मेरे जीवन के सबसे ऊर्जावान और यादगार साल रहे हैं। इस शहर से मुझे हमेशा गहरा लगाव रहा है। ज्ञानेश कुमार ने कहा, यह समय बिहार चुनाव का है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए न कोई पक्ष है, न विपक्ष सभी समान हैं। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर, दूसरे चरण का 11 नवंबर और मतगणना 14 नवंबर को होगी। मतदाता पारदर्शी और स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकें, इसके लिए आयोग पूरी तरह तैयार है। बिहार चुनाव के लिए 243 रिटर्निंग ऑफिसर, उतने ही ऑब्जर्वर, जिला कलेक्टर और पुलिस कप्तान तैनात हैं। हमें विश्वास है कि बिहार में होने वाला यह चुनाव पारदर्शिता, सक्षमता और सरलता का प्रतीक बनेगा और भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के लिए एक नजीर पेश करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त अपनी पत्नी अनुराधा के साथ कानपुर पहुंचे थे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा करते हुए बताया- काशी के घाट से गंगा में तैरीकी सीखने वाला एक लड़का जो बनारस के राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में पढ़ता है। वहां से 10वीं का एग्जाम देता है। इसके बाद पिता के ट्रांसफर के साथ घूमता रहता है। फिर वह लखनऊ आ जाता है, यहां गवर्मेंट कॉलेज में पढ़ता है फिर आईआईटी कानपुर में पढ़ने चला जाता है। पढ़ते-पढ़ते बीच में हम केरल भी चले जाते हैं। केरल आईआईटी कानपुर या दिल्ली से उतना ही दूर है जितना कि यहां से अमेरिका। मेरा अमेरिका जाने का सपना पूरा नहीं हो पाया। IIT कानपुर के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच पर बैठे सभी लोगों का नाम लेकर धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने मंच पर बैठी अपनी पत्नी का परिचय देते हुए कहा कि मेरी होम मिनिस्टर अनुराधा भी मंच पर बैठी हैं। उन्होंने कहा- मेरे पिता आगरा में डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल भी रहे थे। और जब किसी जमाने में अंग्रेजों से टकराव हुआ तो उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। आगरा जब इस बार जाएं तो वहां एत्मादौला जरूर जाएं। जब उसकी चार मीनारों से एक में से नीचे देखेंगे तो वहां आज भी मेरे बाबा का स्कूल चलता मिलेगा। रिटायरमेंट के बाद पिता जी का मन नहीं भरा तो एक स्कूल और खोल लिया। अब उसे मेरा बेटा चलाता है।

## संक्षिप्त डायरी

### पति ने पत्नी के सर पर लोहे की राड मारकर उतारा मौत के घाट

संवाददाता

**हमीरपुर।** एक पति ने गुस्से में आकर अपनी ही पत्नी के सर पर लोहे का राड मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद खुद पति ने ही अपनी पत्नी के घर वालों को फोन पर वारदात की जानकारी दी। पूरा मामला मौदहा कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गाँव का है। वारदात की जानकारी के बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया कि पुलिस जब मौके पर पहुंची,तो देखा कि आरोपी पति मुइनुद्दीन पुत्र फखरुद्दीन कमहरिया ने अपनी 27 साल की पत्नी रोशनी को घर के अंदर बंद कर रखा था। जिसके बाद परिवार वालों की मदद से घर का ताला तोड़कर जब अन्दर देखा तो, रोशनी की मौत हो चुकी थी। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपी पति मुइनुद्दीन ने ही अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की रॉड मारकर उसका कत्ल कर दिया था। वही फील्ड यूनिट टीम ने मौके पर पहुँच कर वारदात के सबूत जुटाये, जबकि पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पुंछतांछ शुरू कर दी है। साथ ही मृतिका के परिवार वालों की तहरीर पर आगे की कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल कत्ल की वजह अभी सामने नहीं आ सकी है।



### भंते ज्ञानेश्वर के निधन पर रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष और बर्मी बुद्ध बिहार के महंथ अग्ग महा पंडित भदंत ज्ञानेश्वर के निधन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रविवार को प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर बर्मी बुद्ध बिहार पहुंचे तथा दिवंगत बौद्ध धर्मगुरु ज्ञानेश्वर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भंते गण से मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह और प्रदेश अध्यक्ष श्री राय का शोक संदेश सुनाया। श्री पांडेय ने कहा कि भिक्षु ज्ञानेश्वर ने बुद्ध की शिक्षाओं का मानव हित में प्रसार किया। वह कुशीनगर के शैक्षणिक विकास के लिए जाने जाएंगे। इस दौरान राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, युवा नेता कुलदीप कुमार, समाजसेवी मुकेश यादव, देवेंद्र राय, सिताराम मौर्य, बिशेश्वर निगम, भोला प्रसाद, रविन्द्र पान्डेय सहित पार्टी जनों ने स्वर्गीय भंते को श्रद्धांजलि दी।

### दिवंगत भंते ज्ञानेश्वर को देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने दी श्रद्धांजलि




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** म्यांमार मंदिर के प्रमुख दिवंगत बौद्ध धर्मगुरु भंते ज्ञानेश्वर को देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। करने के लिए देश, विदेश के बौद्ध श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व कमिश्नर नई दिल्ली श्रीकृष्ण आनंद, विजय कुशवाहा, नेपाल के ज्ञानी शाक्य, संजीव शाक्य, बसपा कोऑर्डिनेटर और पूर्व सांसद घनश्याम खरवार, बस्ती के सांसद राम प्रसाद चौधरी, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अखिलेश कटियार, सपा जिलाध्यक्ष विकास यादव, रमेश यादव, पूर्व विधायक सुरेश यादव, डॉ विवेक सिंह पटेल, पूर्व गृह मंत्री नेपाल सरकार देवराज कंडेल, वीरेंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय, प्राचार्य विनोद मोहन मिश्रा, आजमगढ़ से भिक्षु महा कश्यप, टीके राय, सहित म्यांमार, श्रीलंका, थाइलैंड, ताइवान, वियतनाम, तिब्बत आदि देशों और प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगल, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह थाई भिक्षु डॉ पी सोम पोंग, भंते सों क्रान के नेतृत्व में विशेष शांति पाठ किया गया। म्यांमार के राजदूत जा ऊ ने थाई भिक्षुओं को चीवर दान दिया। तिब्बती भंते कंचुक लामा ने तिब्बती रीति रिवाज से शांति पाठ किया। व्यवस्था में भिक्षु संघ कुशीनगर के मंत्री भिक्षु डॉ नन्द रतन, भंते के उत्तराधिकारी भिक्षु नंदका, भिक्षुणी धम्म नैना, भिक्षु आलोक, भिक्षु इंद्र श्री, भंते तेजवंत सहित भिक्षु सहित उपासक लगे हुए थे।

### ई रिक्शे पर पलटी ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दबने से दो लोगों की मौत

**मुरादाबाद।** बिलारी में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया निकलने के बाद वह बेकाबू होकर सड़क से गुजर रहे ई-रिक्शा पर पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही ई-रिक्शा सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के मुताबिक करनपुर की ओर से ठाकुरद्वारा जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ईंटों से भरी थी। ट्रॉली का पिछला दाहिना पहिया अचानक निकल गया। पहिया निकलते ही ट्रॉली बेकाबू हो गई और विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा पर पलट गई। इससे ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में जा गिरा। ई-रिक्शा में बैठे आसमा व रफीक (निवासी रतुपुरा, थाना ठाकुरद्वारा) घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। ठाकुरद्वारा और कांठ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। दमकल कर्मियों ने पंप लगाकर पानी बाहर निकाल मलबे में दबे शवों को बाहर निकाला। पुलिस क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली और ई-रिक्शा को जब्त कर थाने ले आई है।



# 'द ताज स्टोरी' की कंट्रोवर्सी पर परेश रावल ने तोड़ी चुप्पी

परेश रावल का कहना है कि फिल्म 'द ताज स्टोरी' में कोई झूठ नहीं है। उनका दावा है कि यह फिल्म विश्व प्रसिद्ध स्मारक यानी ताजमहल के बारे में तथ्य ही पेश करती है। इससे आगे चलकर पर्यटन को ही बढ़ावा मिलेगा।

### परेश रावल को फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी

बातचीत में परेश रावल ने कहा, 'हमारे सिनेमा में बहुत सारा छल-कपट और झूठ है। लेकिन हमारी फिल्म में कोई झूठ नहीं है, सिर्फ तथ्य हैं। जब मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई, तो मैंने उसे पढ़ा और मुझे यह पसंद आई। मुझे फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी। मैंने कुछ दोस्तों के साथ तथ्यों की पुष्टि की और पाया कि यह सही थे। इसके बाद मैं निर्देशक से मिला। हमने तय किया कि फिल्म में कोई कट्टर राष्ट्रवाद नहीं होगा, यह फिल्म सिर्फ ताज के बारे में होगी।'

### विवाद खड़ा करना नहीं चाहते हैं

परेश रावल आगे कहते हैं, 'लोग कह रहे हैं कि हम हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम हमेशा से इससे दूर रहे हैं। हम एक शोध वाली मजेदार फिल्म बनाना चाहते थे जो हमारे यहां बनती नहीं हैं।' इस फिल्म को तुषार अमरीश गोयल ने डायरेक्ट किया है।

### क्या है 'द ताज स्टोरी' के मेकर्स का दावा

मेकर्स का दावा है यह फिल्म भारतीय इतिहास के एक ऐसे अध्याय को पेश करती है जिसे पहले कभी किसी ने सामने लाने की हिम्मत नहीं की। इस महीने की शुरुआत में, फिल्म का पहला पोस्टर तब विवादों में घिर गया था जब इसमें परेश रावल के किरदार को ताजमहल का गुंबद हटाते और उसमें से भगवान शिव की एक मूर्ति निकलते हुए दिखाया गया था। पोस्टर के पीछे का विचार यह है कि यह ताजमहल नहीं है। कुछ लोग इसे तेजो महालय कहते हैं।



# वर्क लाइफ बैलेंस पर रश्मिका मंदाना ने दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' और आगामी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर चर्चाओं में हैं। वहीं रश्मिका और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें भी लगातार फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अब इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर चल रही बहस के बीच रश्मिका ने काम और जिंदगी में संतुलन को लेकर बात की है। इससे पहले 'द गर्लफ्रेंड' के निर्माता एसकेएन ने रश्मिका की तारीफ करते हुए कहा था कि वो काम को घंटों की तरह नहीं लेती हैं। अब रश्मिका ने भी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन को लेकर बात की और ज्यादा काम न करने के महत्व को समझाया है।

### वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो

कुछ समय पहले रश्मिका मंदाना ने बताया था कि उन्हें पूरे 8 घंटे की नींद लिए हुए कई महीने हो गए हैं। इसी बात का जिक्र करते हुए जब प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन के बारे में पूछा गया तो रश्मिका ने गल्ट से कहा, 'मुझे लगता है कि इस बात का महिमामंडन करना कि हम जरूरत से ज्यादा काम करते हैं, ठीक नहीं है। मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं और मैं आपको बता रही हूं यह बिल्कुल भी सुझाव देने योग्य नहीं है। ऐसा मत करो। यह टिकाऊ नहीं है। वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो, वही करो जो तुम्हारे लिए सही हो। वो 8 घंटे काम करो, वो 9-10 घंटे भी काम करो क्योंकि यकीन मानो, ये तुम्हें आगे चलकर बचाएगा। जैसे मैंने हाल ही में ऐसी कई बातचीत देखी हैं जहां लोग कहते हैं, ठीक है, काम का समय पता है वगैरह। मैंने दोनों ही किया है। यह इसके लायक नहीं है।'

### मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं

अभिनेत्री ने आगे कहा कि जैसा जाहिर है कि यह एक जिम्मेदारी है जो तुम पर है। मैं खुद पर जरूरत से ज्यादा काम कर लेती हूं क्योंकि मैं एक सामान्य इंसान से कहीं ज्यादा काम ले लेती हूं। लेकिन मैं ऐसी भी नहीं हूं जो अपनी टीमों से कहूं कि मैं उनके लिए कुछ नहीं कर सकती। अगर मुझे पता है कि वे संघर्ष कर रहे हैं और वे कहते हैं, नहीं, मेरे पास अभी तक केवल यही लोकेशन है और हमें इस समय में बहुत कुछ शूट करना है।' तब मैं यह समझती हूं और मान जाऊंगी और वैसा करूंगी।

### हमें भी 9 से 5 की जॉब की तरह काम करने दें

बातचीत के दौरान रश्मिका ने कहा कि सिनेमा में यह बहुत पहले से होता आया है। यही कारण है कि हमें अपनी टीमों से प्यार है। लेकिन अगर मुझे खुद चुनना होता, तो मैं कहती कि कृपया हम अभिनेताओं को ऐसा करने पर मजबूर न करें, क्योंकि बहुत कुछ चल रहा है। सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्देशक, लाइटमैन, संगीतकार, सभी। जैसा आप जानते हैं कि ऑफिस का समय 9 से 6 या 9 से 5 या 9 से 4 होता है, हमें ऐसा करने दें। क्योंकि अभी भी एक पारिवारिक जीवन है जिस पर मैं ध्यान देना चाहती हूं, अभी भी मेरी नींद बाकी है जो मैं पूरी करना चाहती हूं। मैं अभी भी वर्कआउट करना चाहती हूं, इसलिए, आप जानते हैं, बाद में मुझे इस बात का पछतावा नहीं होगा कि काश मैं छोटी उम्र में स्वस्थ और फिट होती और वर्कआउट करती। मैं अभी भी अपने भविष्य के बारे में सोच रही हूं। लेकिन अभी मेरे पास कहने का अधिकार नहीं है क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी ले रही हूं।



# तलाक की अफवाहों पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

माही विज और जय भानुशाली अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर दोनों का रिश्ता टूट गया है और कपल का तलाक होने वाला है। यह खबर सामने आने के बाद जय और माही के फैंस आहत हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक को लेकर तरह-तरह के दावे करते हुए पोस्ट वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए माही विज ने गुस्सा जाहिर किया है। जय भानुशाली के साथ तलाक की अफवाहों पर माही विज ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें माही विज के हवाले से एक कमेंट लिखा गया, जिसमें कहा गया है, आधिकारिक रूप से पांच मिनट पहले मेरा तलाक हुआ है। मुझे पता है कि कुछ लोग इस पर बधाई देंगे, लेकिन मेरे लिए ऐसे परिदृश्य मायने नहीं रखते। तलाक होना हमेशा दुखद ही होगा। इस पोस्ट पर माही विज ने गुस्सा जाहिर करते हुए हिदायत दी है। माही विज ने कमेंट लिखा है, झूठी बातें पोस्ट मत करिए। मैं इसके खिलाफ लीगल एक्शन लूंगी। अभिनेत्री ने शायद तलाक को लेकर उनकी तरफ से की गई कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। फिलहाल माही के इस कमेंट से उनके फैंस ने राहत की सांस ली है कि शायद तलाक की बात झूठी हो। हालांकि, माही के कमेंट में यह जिक्र नहीं है कि तलाक होगा या नहीं, उन्होंने गलत नैरेटिव फैलाने को लेकर एतराज जताया है।

# क्या मुंज्या 2 में लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा की एंट्री?



साल 2024 की सरप्राइज हिट मुंज्या ने छोटे बजट और नए चेहरों के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर बड़ा कमाल दिखाया था। अभय वर्मा और शारवरी वाघ स्टारर इस हॉरर-कॉमेडी ने 100 करोड़ क्लब में जगह बनाकर मैडॉक फिल्म्स यूनिवर्स को नई ऊंचाई दी। अब इसका सीक्वल महा मुंज्या डेवलपमेंट स्टेज में है। हाल ही में खबरें आई थीं कि लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं। हालांकि, मुंज्या के डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार ने इस खबर को सिरे से खारिज किया।

महा मुंज्या में उनका नाम सिर्फ अफवाह है आदित्य ने कहा, न प्रतिभा ने कुछ कहा है, न उनकी टीम ने और न हमने। इसमें कोई सच्चाई नहीं है, ये बस एक फैन थ्योरी है। शायद लोगों को लगा कि वो इस यूनिवर्स का हिस्सा हैं क्योंकि उन्होंने लापता लेडीज में शानदार काम किया है। मुझे भी जब ये खबर सुनी तो थोड़ा हंसी आई कि ये आया कहां से?

आदित्य ने आगे बात करते हुए कहा, प्रतिभा बहुत टैलेंटेड और शानदार एक्ट्रेस हैं। मैं खुद मानता हूं कि वो इस तरह की फिल्मों में बिल्कुल फिट बैठेंगी। अगर आगे चलकर ऐसा कुछ होता है तो क्यों नहीं? लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है। न कोई ऑफिशियल बातचीत हुई है, न कोई कन्फर्मेशन आया है। ये सिर्फ सोशल मीडिया की हवा है।

### अभय वर्मा और शारवरी वाघ की होगी वापसी

जब आदित्य सरपोतदार से पूछा गया कि क्या सीक्वल में मुंज्या के लीड कलाकार अभय वर्मा और शारवरी वाघ फिर नजर आएंगे तो उन्होंने तुरंत कहा, अभय और शारवरी 100 प्रतिशत लौट रहे हैं। उनके किरदार वहीं से आगे बढ़ेंगे, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। लेकिन इनके साथ और कौन जुड़ता है, ये अभी बताना जल्दबाजी होगी। जब वक्त आएगा, सब कुछ साफ हो जाएगा।

### मुंज्या 2 इसलिए बन रही है क्योंकि ऑडियंस इंटरेस्टेड हैं

सीक्वल पर बात करते हुए आदित्य ने कहा, ये साफ दिखाता है कि लोग इस यूनिवर्स में इंटरेस्टेड हैं और उन्होंने मुंज्या के साथ एक इमोशनल इन्वेस्टमेंट बनाया है। जब हमने पहली फिल्म बनाई थी, तब सीक्वल का कोई प्लान नहीं था। लेकिन फिल्म के हिट होने के बाद भरोसा मिला कि इस कहानी को और आगे बढ़ाया जा सकता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो पार्ट टू बनाने का कोई मतलब नहीं होता। लेकिन जब दर्शक खुद पूछने लगें कि आगे क्या होगा, तब समझ आता है कि आपने कुछ सही किया है।

### महा मुंज्या का पैमाना और बड़ा होगा

उन्होंने आगे बात करते हुए कहा, अब महा मुंज्या के साथ हम उस यूनिवर्स को और बड़ा करने जा रहे हैं। बहुत सारी प्लानिंग चल रही है, कई एक्साइटिंग चीजें तैयार हो रही हैं। हम चाहते हैं कि ये फिल्म सिर्फ सीक्वल नहीं, बल्कि एक नया एक्सपीरियंस बने। जैसे पहली फिल्म के एंड में हमने एक प्रॉमिस छोड़ा था, वैसे ही अब महा मुंज्या उस प्रॉमिस को पूरा करेगी। कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां मुंज्या खत्म हुई थी, लेकिन इस बार पैमाना और बड़ा होगा, दुनिया और गहरी।



# 'पद्मावत' की मेहरुनिसा से लेकर 'मर्डर 3' की रोशनी तक, अदिति राव हैदरी ने हर किरदार में बिखेरा अभिनय का जादू

**अदिति राव हैदरी भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अपनी सादगी और अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानेंगे उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में, जिनके लिए उन्हें पहचाना जाता है। तो चलिए जानते हैं उनकी फिल्में।**

### मर्डर 3

बॉलीवुड की मशहूर मर्डर फ्रैंचाइजी के तीसरे पार्ट का नाम 'मर्डर 3' है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसे विशेष भट्ट द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फल्म में विक्रम (रणदीप हुड्डा) जो एक फोटोग्राफर है, निशा (सारा लोरेन) से एक बार मिलता है और दोनों की तुरंत दोस्ती हो जाती है। जल्द ही वे प्यार में पड़ जाते हैं और अपने रिश्ते को एक नए मुकाम पर ले जाते हैं। निशा उसके घर में रहने आती है, लेकिन जल्द ही उसे उसके राज पता चलने लगते हैं। वह विक्रम की पूर्व प्रेमिका रोशनी (अदिति राव हैदरी) के गायब होने के पीछे छिपे के सच का पता लगाने लेने के मिशन पर है। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंडित से होती है, जो अपनी बेटी के लिए शोक मना रहा है।

### दिल्ली 6

राकेश ओमप्रकाश मेहरा के निर्देशन में दिल्ली 6 फिल्म साल 2009 में रिलीज हुई थी। आपक बता दें कि इस फिल्म से अदिति राव हैदरी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनका रोल कम था, लेकिन सभी ने उनके किरदार को खूब सराहा था। फिल्म एक एनआरआई के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बीमार दादी के साथ भारत लौटता है, लेकिन हैरानी की बात है कि वह खुद को दिल्ली के बीचों-बीच एक मंदिर-मस्जिद विवाद में फंसा हुआ पाता है। दिल्ली 6 में अदिति राव हैदरी ने रमा बुआ का किरदार निभाया था। इसमें अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर मुख्य भूमिका में थे।

### पद्मावत

संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म पद्मावत में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म अदिति राव हैदरी की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। अदिति हर फ्रेम में एक स्टार की तरह चमकीं। उन्होंने खिलजी की पत्नी मेहरुनिसा का किरदार बखूबी निभाया था। फिल्म में जैसे-जैसे खिलजी रानी पद्मावती के प्रति और अधिक आसक्त होता गया, मेहरुनिसा ने पत्नी से पहले, एक महिला बनना चुना। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी।

### वजीर


फरहान अख्तर, अमिताभ बच्चन और अदिति राव हैदरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म वजीर 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अदिति राव हैदरी ने रुहाना अली की भूमिका निभाई थी और तमाम दिग्गजों के बीच भी अपनी जगह और लाइमलाइट बरकरार रखी। इस फिल्म की कहानी एक पुलिसवाले दानिश के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बेटी की हत्या करने वाले एक आतंकवादी से बदला

### रॉकस्टार

इम्तियाज अली के निर्देशन में साल 2011 में रॉकस्टार फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं अदिति राव हैदरी ने शीना के रूप में फिल्म अहम किरदार अदा किया था। उनके रोल ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

### हीरामंडी

अदिति राव हैदरी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज में नजर आई थीं। यह साल 2024 में रिलीज हुई थी, जिसे संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित और निर्देशित किया गया था। यह शो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाहौर के हीरा मंडी में वेश्याओं के जीवन पर केंद्रित है। इसमें मनीषा कोइराला , सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा जैसे कई सितारे शामिल थे।



## संक्षिप्त समाचार

### कुछ ग्रह खुद ही बना सकते हैं अपना पानी

**काठमांडू, एजेंसी।** कुछ ग्रह बाहरी पानी के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय खुद ही पानी बना सकते हैं। अब तक यह माना जाता था कि ऐसे जल-समृद्ध ग्रह अपने तारों से दूर बनते हैं और बाद में पास आ जाते हैं, क्योंकि सूरज की भयंकर गर्मी से पानी टिक नहीं पाता। हमारे सौरमंडल में भी एक स्नो लाइन होती है। इसके भीतर बने ग्रहों (जैसे शुक्र) पर पानी नहीं होता, जबकि इसके बाहर बने ग्रह (शनि, नेपच्यून) पर पानी और गैस की भरमार होती है। नए अध्ययन के अनुसार, अगर सही परिस्थितियां हों तो हाइड्रोजन और खनिजों की रासायनिक प्रक्रिया से ग्रहों के अंदर ही स्थानीय रूप से पानी बन सकता है। प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों में इसे तार्किक ढंग से समझाया गया है।

### पैनल में खराबी आने से फोर्ड ने वापस मंगाए 79,800 वाहन

**काठमांडू, एजेंसी।** फोर्ड मोटर कंपनी ने अमेरिका में लगभग 79,800 वाहनों को दरवाजे के पैनल और पिछली लाइटबार की खराबी के कारण वापस मंगाने की घोषणा की है। नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) के अनुसार, इसमें 14,843 एफ-150 लाइटनिंग इलेक्ट्रिक पिकअप ट्रक शामिल हैं। इसके अलावा फोर्ड ने 34,481 री-मैन्युफैक्चर्ड 10आर80 ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन यूनिट्स भी वापस मंगाई हैं, जो कुछ फोर्ड और लिंकन वाहनों में मरम्मत के पुर्जों के रूप में उपयोग की गई थीं।

### किम का दावा-1969 में कोई चांद पर नहीं उतरा, नासा ने किया खारिज

**काठमांडू, एजेंसी।** हॉलीवुड अभिनेत्री किम कार्दशियन ने दावा किया कि 1969 में कोई चंद्रमा पर उतरा ही नहीं। हालांकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अभिनेत्री को इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि हम छह बार चांद पर जा चुके हैं। रियलिटी शो द कार्दशियन्स के हालिया एपिसोड में किम ने कहा कि मुझे लगता है कि अपोलो मिशन नकली था। इस पर नासा के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी ने सोशल मीडिया पर किम को टैग करते हुए लिखा, हम पहले भी छह बार चांद पर जा चुके हैं और अब आर्टेमिस मिशन के तहत दोबारा जा रहे हैं।

### इस्राइल के हाइफा में भारतीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल के हाइफा में इस साल के दूसरे भारतीय फिल्म महोत्सव की जोरदार शुरुआत हो चुकी है। इस उद्घाटन समारोह में 200 से अधिक लोग शामिल हुए। दो सप्ताह तक चलने वाले इस उत्सव में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। पहला फिल्म महोत्सव फरवरी में हुआ था, जिसकी सफलता के बाद यह दूसरा संस्करण आयोजित किया गया है।

### नेपाल में 17 नई राजनीतिक पार्टियों ने पंजीकरण के लिए किया आवेदन

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 5 मार्च 2026 को होने वाले आम चुनाव से पहले 17 नई राजनीतिक पार्टियों ने निर्वाचन आयोग (ईसी) में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। आयोग के प्रवक्ता नारायण भट्टराई ने बताया, इनमें से 7 पार्टियों ने 12 सितंबर को चुनाव तिथि घोषित होने के बाद, जबकि 10 ने उससे पहले आवेदन किया। नए आवेदनों के साथ आयोग में पंजीकृत पार्टियों की कुल संख्या अब 124 हो गई है। आयोग नए दलों के दस्तावेजों की समीक्षा कर रहा है।

### तंजानिया में आम चुनाव के बाद हिंसा, 700 से अधिक लोगों की मौत का दावा, दार-एस-सलाम में 350 की जान गई

**डोडोमा, एजेंसी।** तंजानिया में विवादित आम चुनावों के बाद भड़की हिंसा में 700 से अधिक लोगों की मौत होने का दावा किया गया है। विपक्षी पार्टी चडेमा ने शुक्रवार को कहा कि देशभर में हुई झड़पों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से दस लोगों की मौत की पुष्टि की है। चडेमा के प्रवक्ता जॉन कितोका ने बताया कि सिर्फ दार-एस-सलाम में करीब 350 और म्वांजा क्षेत्र में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य हिस्सों को जोड़ें तो संख्या लगभग 700 तक पहुंचती है। पार्टी का कहना है, आंकड़ा अस्पतालों के दौरे पर आधारित है। सरकार ने अब तक कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है। कहा है कि कुछ छिटपुट घटनाओं के बाद कानून-व्यवस्था बहाल की जा रही है।

# जमैका में लोग कीचड़-मलबे में खाना ढूंढ़ने पर मजबूर

## तूफान मेलिसा के बाद भूख-प्यास से परेशान ; बाढ़ का पानी भरा, जानवर सड़ रहे



**किंग्सटन, एजेंसी।** जमैका में कैटेगरी-5 के हरिकेन मेलिसा के टकराने के बाद हालात खराब हो चुके हैं। ब्लैक रिवर शहर में लोग कीचड़ और मलबे में खाने-पीने का सामान खोज रहे हैं। कई लोग टूटी दुकानों और सुपरमार्केट से पानी की बोतलें और जरूरी चीजें निकाल रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तूफान के बाद पिछले तीन दिनों से शहर में अराजकता और भूख-प्यास का संकट है। सड़कों पर कीचड़, टूटी इमारतें, पलटी नावें और बिखरे वाहन चारों ओर तबाही की तस्वीर पेश कर रहे हैं। बिजली-पानी की सप्लाई बंद है। लोगों का परिवारों से संपर्क टूट गया है।

अब तक लोगों को मदद नही मिली बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों का कहना है कि अब तक इलाके में कोई राहत ट्रक नहीं पहुंचा है। वे सड़क पर पड़े मलबे या दुकानों में जो कुछ भी मिल रहा है, उसी से गुजारा कर रहे हैं।

एक स्थानीय युवक डेमर वॉकर ने कहा, हम सड़क पर जो भी मिल रहा है, वही खा रहे हैं। सुपरमार्केट से पानी लिया, लेकिन हमने दूसरों से भी साझा किया। पास की एक फार्मेसी और दुकानों में भी लूटपाट की घटनाएं हुईं। लोग कीचड़ में सनी दवाइयां और खाना उठाते दिखे। कई दुकानदार अपनी लूटी दुकानों के बाहर पहरा दे रहे हैं। राजधानी किंग्स्टन एयरपोर्ट पर राहत सामग्री पहुंचनी शुरू हो गई है, लेकिन छोटे एयरपोर्ट और सड़कें क्षतिग्रस्त होने से मदद देर से पहुंच रही है। सेना और राहत एजेंसियों के ट्रक रास्तों के टूटे हिस्सों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं।

19 की मौत, हैती में भी 30 की जानें गई जमैका सरकार ने पुष्टि की है कि तूफान में 19 लोगों की मौत हुई है। हैती में भी 30 लोगों की मौत की खबर है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि शहर के 90% घर तबाह हो चुके हैं। अस्पताल, पुलिस स्टेशन और फायर स्टेशन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। शहर के मेयर ने कहा, ब्लैक रिवर पूरी तरह तबाह हो चुका है। लोग मजबूरी में सामान उठा रहे हैं, लेकिन हिंसा भी बढ़ रही है। एक मेडिकल वर्कर ने बताया कि फायर स्टेशन में चार से पांच फीट पानी भर गया था। बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोग घायल अवस्था में लाए गए। कई जगह ऐसे लोग मिले जो जिंदा नहीं बचे। शुक्रवार दोपहर सेना के हेलिकॉप्टर ब्लैक रिवर पहुंचे। इसके बाद सड़कों से भीड़ कम हुई।

## मेलिसा तूफान के बाद कैरिबियाई देशों की मदद में जुटे यूएन और सहयोगी संगठन



**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगी तूफान मेलिसा के बाद राहत सामग्री पहुंचाने और मदद समन्वयित करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की मानवीय संस्था ओसीएचए ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार ओसीएचए ने कहा कि जमेका, क्यूबा और हैती में लाखों लोग तूफान से प्रभावित हुए हैं और तुरंत मदद की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव और आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने कहा कि ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग सिर्फ सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवनरेखा होता है।

क्यूबा के पूर्वी हिस्सों से गुजरे तूफान मेलिसा ने सैंटियागो, होलगुइन, ग्रान्मा और ग्वांतानामो में भारी तबाही मचाई है। कई क्षेत्र अभी भी कटे हुए हैं और सड़कों, रेल और हवाई मार्गों को नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत कार्य मुश्किल हो रहे हैं। ओसीएचए ने बताया कि वह एक कार्य योजना बना रहा है ताकि राहत कार्य बेहतर तरीके से चल सकें। इसके लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है और लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन क्षेत्रीय कार्यालय से भी सहायता मिल रही है। जमैका में सरकार खुद राहत कार्यों का नेतृत्व कर रही है और ओसीएचए कैरेबियन आपदा आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की टीमों के साथ मिलकर जरूरतों का आकलन कर रही है। खाद्य एवं कृषि संगठन, यूनिसेफ, यूएन जनसंख्या कोष और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन भी इन प्रयासों में शामिल हैं। हैती में, जहां पहले से ही मानवीय और हिंसक संकट गहरा हुआ है, संयुक्त राष्ट्र की टीमें सरकार के साथ मिलकर आश्रय, भोजन, जरूरी सामान और नकद सहायता जैसी तत्काल जरूरतों को पूरा करने में लगी हैं। कैरेबियाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों में इस सदी का सबसे भयंकर तूफान कहे जा रहे मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है। ताजा अपडेट के अनुसार इस भीषण तूफान में दर्जनों लोगों की मौत हो गई है।

## 'संवाद से बनता है भरोसा, एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत', आसियान बैठक में बोले मलयेशियाई रक्षा मंत्री




**कुआलालंपुर, एजेंसी।** आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद खालिद नोरदिन ने क्षेत्रीय सहयोग और संवाद की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विशेष है क्योंकि एडीएमएम प्लस की स्थापना को 15 वर्ष पूरे हो गए हैं और यह इस बात का प्रमाण है कि संवाद भरोसे को मजबूत करता है और एकता ही आसियान की सबसे बड़ी रक्षा है।

**वैश्विक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त :** नोरदिन ने कहा आज दुनिया ऐसी चुनौतियों का सामना कर रही है जो सीमाओं से परे हैं। साइबर हमलों से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, खाद्य असुरक्षा से लेकर महामारी तक। साइबरस्पेस में शक्तिशाली गैर-राज्यीय तत्व समाजों को अस्थिर करने और सरकारों को चुनौती देने में सक्षम हो गए हैं। वहीं, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाएं हर दिन हमारी सहनशीलता की परीक्षा ले रही हैं।

**अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों की रक्षा की अपील :** मलेशियाई रक्षा मंत्री ने कहा कि हर देश, बड़ा या छोटा, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवता के उल्लंघन के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा हो। उन्होंने गाजा और फलस्तीन में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। नोरदिन ने कहा भूख और अभाव को युद्ध के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। मलेशिया सभी देशों, विशेषकर बड़ी शक्तियों से आग्रह करता है कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने प्रभाव का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि मलेशिया अमेरिका की गाजा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना का स्वागत करता है।

## रिकॉर्ड समय में तियांगोंग स्पेस स्टेशन से जुड़ा चीन का शेंझोउ-21, छह माह तक इन बातों पर करेगा शोध



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने शनिवार को घोषणा की कि उसका शेंझोउ 21 अंतरिक्ष यान अपनी नवीनतम तीन सदस्यीय टीम के साथ देश के तियांगोंग स्पेस स्टेशन से रिकॉर्ड समय में जुड़ गया। पूरी डॉकिंग प्रक्रिया लगभग 3.5 घंटे चली, जो पिछले मिशनों की तुलना में तीन घंटे कम है। शेंझोउ 21 यान शुक्रवार रात 11:44 बजे जिउक्वान लॉन्च सेंटर से उड़ान भरी।

बता दें कि टीम में मिशन कमांडर और पायलट झांग लू शामिल हैं, जो दो साल पहले शेंझोउ 15 मिशन में भी गए थे। अन्य दो सदस्य पहली बार अंतरिक्ष जा रहे हैं। 32 वर्षीय इंजीनियर वू फेई चीन के सबसे कम उम्र के अंतरिक्ष यात्री हैं। झांग होंगझांग एक पेलोड विशेषज्ञ हैं, जो पहले नए ऊर्जा और नए पदार्थों पर शोधकर्ता थे। झाग ने क्या स्पेस मिशन पर क्या कहा? झांग ने कहा कि टीम स्पेस स्टेशन में ताई ची, बागवानी और कविता पढ़ने जैसी गतिविधियों के जरिए इसे स्वर्ग जैसा बनाएगी। तीनों सदस्य लगभग छह महीने तक स्टेशन पर रहेंगे। अंतरिक्ष में रहकर वे बायोटेक्नोलॉजी, एयरोस्पेस मेडिसिन, मैटेरियल साइंस और अन्य क्षेत्रों में 27 वैज्ञानिक और व्यावहारिक परियोजनाओं पर काम करेंगे। अंतरिक्ष में चार चुहें भेज रहा चीन इतना ही नहीं इस बार चीन पहली बार अपने स्पेस स्टेशन में चूहों को भेज रहा है। कुल चार चूहे दो नर और दो मादा वजनहीनता और संगरोध के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए भेजे गए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे छोटे जानवरों की अंतरिक्ष में प्रजनन और अनुकूलन तकनीक पर शोध में मदद मिलेगी। ये चूहे 300 उम्मीदवारों में से चुने गए और इनकी 60 दिनों तक कड़ी ट्रेनिंग हुई। ये चूहे शेंझोउ 20 के साथ पृथ्वी पर वापस आएंगे। क्या है चीन का अंतरिक्ष मिशन? गौरतलब है कि चीन ने 2003 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च किया और अमेरिका व सोवियत संघ के बाद तीसरा देश बना। चीन का लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर मानव भेजना है। तियांगोंग स्पेस स्टेशन पूरी तरह चीन ने बनाया है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अलग रखा गया है। चीन पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण के लिए भी सहयोग कर रहा है। भविष्य में एक पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री को शॉर्ट मिशन पर भेजने की योजना है।

# न्यू मैक्सिको में तेल रिफाइनरी में धमाके के बाद लगी भीषण आग, कई लोग घायल



**न्यू मैक्सिको, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के आर्टेसिया शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को एक तेल रिफाइनरी में जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद वहां से घना धुआं उठने लगा और देखते ही देखते धुंआ शहर के कई हिस्सों में फैल गया। राहत और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया। मामले में आर्टेसिया पुलिस कमांडर पीट किनोनेस ने बताया कि धमाके में कोई मौत नहीं हुई, लेकिन कई लोग घायल हुए हैं। एडी काउंटी इमरजेंसी मैनेजर जेनिफर आर्मेन्डारिज़ ने कहा कि घायलों की संख्या फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

**घटना के बाद सड़क कुछ समय के लिए बंद :** बता दें कि घटना के बाद प्रशासन ने रिफाइनरी के पास की सड़कों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था ताकि मेडिकल हेलीकॉप्टर को उतरने की जगह दी जा सके। दोपहर तक धुआं छंट गया और सड़कें दोबारा खोल दी गईं। यह धमाका एचएफ सिंक्लेयर नवाजो रिफाइनरी में हुआ, जो आर्टेसिया के मुख्य चौराहे के पास स्थित है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, इस रिफाइनरी की दैनिक क्षमता लगभग एक लाख बैरल कच्चे तेल की प्रोसेसिंग की है। हालांकि, घटना के समय प्लांट कितनी क्षमता पर काम कर रहा था, यह साफ नहीं हो सका है। गौरतलब है कि यह रिफाइनरी पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के बाजारों में तेल की आपूर्ति करती है और इसके साथ लगभग 105 किलोमीटर दूर लोविंगटन में भी कंपनी का एक और संयंत्र संचालित होता है।

## अमेरिका में हैलोवीन के मौके पर आतंकी हमला नाकाम, एफबीआई निदेशक काश पटेल का दावा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने दावा किया है कि मिशिगन में संभावित आतंकी हमले को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हैलोवीन सप्ताह के मौके पर कुछ संदिग्ध आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। हालांकि काश पटेल ने ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन विभिन्न रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मामला चरमपंथियों के समूह से जुड़ा है, जो हैलोवीन के मौके पर हमले की योजना बना रहे थे।

**काश पटेल ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी :** सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में काश पटेल ने कहा कि 'आज सुबह एफबीआई ने एक संभावित आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया और मिशिगन में कई लोगों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर हैलोवीन सप्ताह पर एक हिंसक हमले की साजिश रच रहे थे। और ज्यादा जानकारी जल्द ही आएगी। एफबीआई और हर जगह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के उन सभी पुरुषों और महिलाओं को धन्यवाद जो 24 घंटे पहरा दे रहे हैं और देश की रक्षा करने के हमारे मिशन को पूरा कर रहे हैं।' हालांकि काश पटेल ने ये नहीं बताया कि एफबीआई ने मिशिगन में कहां कार्रवाई की, लेकिन मिशिगन पुलिस ने बताया कि डियरबोर्न इलाके में एफबीआई ने एक ऑपरेशन किया है।

**संदिग्धों के चरमपंथियों के संपर्क में होने का शक :** डियरबोर्न इलाका फोर्ड मोटर कंपनी के मुख्यालय के लिए प्रसिद्ध है और इस शहर में अरब अमेरिकी मूल की आबादी बड़ी संख्या में है। ये पता नहीं चल पाया है कि ये आतंकी हमला किस तरह का था। राष्ट्रपति ट्रंप के शासन में लैटिन अमेरिकी ड्रग तस्करों और फासीवादी विरोधी अभियान एंटीफा को भी आतंकी घोषित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जांचकर्ताओं का मानना है कि यह साजिश इस्लामिक स्टेट के चरमपंथ से प्रेरित थी और जांच की जा रही है कि हिरासत में लिए गए लोग कहीं ऑनलाइन चरमपंथियों के संपर्क में तो नहीं थे। इस जांच में एक ऑनलाइन चैट रूम में हुई बातचीत शामिल है, जिसमें हिरासत में लिए गए कुछ संदिग्ध शामिल थे।

## 'एशिया-प्रशांत सहयोग का नया दौर शुरू', चीन में होगा अगला एपीईसी शिखर सम्मेलन, जिनपिंग ने की घोषणा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घोषणा की कि वर्ष 2026 का एपीईसी शिखर सम्मेलन चीन के शेनझेन शहर में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेता शामिल होंगे। दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में संपन्न इस साल की बैठक के समापन सत्र में शी ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि शेनझेन, जो कभी एक छोटा मछली पकड़ने वाला गांव था, आज आधुनिक अंतरराष्ट्रीय महानगर बन चुका है। यह चीन के खुलेपन और विकास की कहानी का प्रतीक है। आने वाले साल में हम सब इसी शहर में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

ट्रंप-शी बैठक बनी रही चर्चा का केंद्र : इस साल के एपीईसी सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। दोनों नेताओं के बीच टैरिफ और दुर्लभ खनिजों के व्यापार को लेकर नई सहमति बनी। ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका चीन पर लगाई गई फेंटानिल टैरिफ को 20% से घटाकर 10% करेगा।

इसके बदले चीन ने अमेरिका से सोयाबीन और सेमीकंडक्टर चिप्स के आयात को मंजूरी दी और दुर्लभ खनिजों के निर्यात नियंत्रण को हटाने पर सहमति जताई। ट्रंप ने कहा कि वह अप्रैल 2026 में चीन का दौरा करेंगे, जबकि शी जिनपिंग उसके बाद अमेरिका की यात्रा करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि ट्रंप भी शेनझेन शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।



**विकास पर जोर :** शी जिनपिंग ने अपने संबोधन में कहा एशिया-प्रशांत देशों को पारस्परिक सहयोग को और गहरा करना चाहिए, नई तकनीकों में खुला नवाचार अपनाना चाहिए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को मानवता के हित में दिशा देनी चाहिए। उन्होंने विकसित देशों से विकासशील देशों को वित्तीय, तकनीकी और क्षमता निर्माण में सहयोग देने की अपील की। शी ने कहा कि एपीईसी की असली ताकत उसकी एकजुटता और साझा दृष्टिकोण में निहित है।

**क्षेत्रीय सहयोग और तकनीकी**

**चीन के लिए शेनझेन क्यों है खास :** शेनझेन चीन की आर्थिक क्रांति का केंद्र माना जाता है। 1980 के दशक में यह शहर चीन के पहले आर्थिक विशेष क्षेत्र के रूप में उभरा था। आज यहां तकनीकी, विनिर्माण और समुद्री व्यापार का मजबूत नेटवर्क है, जो इसे एपीईसी जैसे वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी के लिए आदर्श स्थान बनाता है।

## डिक्शनरी डॉट कॉम ने 6-7 को वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ऑनलाइन शब्दकोश, डिक्टशनरी डॉट कॉम का इस वर्ष का वर्ड ऑफ द ईयर कोई शब्द नहीं है। इस बार उसने वायरल शब्द या वाक्यांश '6-7' को इस श्रेणी में जगह दी, जो बच्चों-किशोरों में बहुत लोकप्रिय है। यह पीढ़ी इस वाक्यांश का अकसर इस्तेमाल करते हैं जबकि माता-पिता और शिक्षक इसे समझ नहीं पा रहे हैं। डिक्शनरी ने इसे तय करने के लिए सर्च इंजन, और शोशल मीडिया ट्रेंड्स का विश्लेषण किया।

